Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -329 मंगलवार ,04 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

सच्ची लगन को कांटो की परवाह नहीं होती।

- प्रेमचंद-

## संक्षिप्त समाचार



### CDS जनरल अनिल चौहान को जेड श्रेणी की सुरक्षा, दिल्ली पुलिस के जवानों का सिक्योरिटी कवर मिलेगा

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** नवनिर्वाचित चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान को दिल्ली पुलिस की 'जेड' श्रेणी का सशस्त्र सुरक्षा कवच देने का फैसला किया गया है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि खुफिया एजेंसी के इनपुट के बाद गृह मंत्रालय ने यह फैसला किया है।

बता दें कि लगभग 40 वर्षों से अधिक के अपने करियर में लेफ्टिनेंट जनरल (रि) अनिल चौहान ने कई कमांड, स्टाफ और सहायक नियुक्तियां की हैं। जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व भारत में आतंकवाद विरोधी अभियानों में उन्हें व्यापक अनुभव है।

### कर्नाटक पहुंचीं सोनिया गांधी, मैसूरु में राहुल के साथ भारत जोड़ो यात्रा में होंगी शामिल



**मैसूर , 03 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी सोमवार को कर्नाटक पहुंचीं। सोनिया छह अक्टूबर को 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होकर अपने बेटे राहुल गांधी के साथ शामिल होंगी।

सोनिया के अलावा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के भी मैसूर पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि प्रियंका अब शुक्रवार को यात्रा में शामिल होंगी जब यह यात्रा नागमंगला मांड्या जिले से होकर गुजरेगी।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि सोनिया गांधी गुरुवार को यात्रा में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि दशहरे के कारण चार और पांच अक्टूबर को यात्रा को विश्राम दिया जाएगा और फिर छह अक्टूबर की सुबह यात्रा प्रारंभ होगी।

कांग्रेस की यात्रा मंगलवार और बुधवार को दो दिन का ब्रेक लेगी। इस दौरान सोनिया और राहुल के कोडागु जिले के एक रिसॉर्ट में रुकने की उम्मीद है। ऐसी भी अटकलें हैं कि राहुल प्रसिद्ध दशहरा जंबू सावरी को देखने के लिए बुधवार को मैसूरु में होंगे।

### अदालत ने पांच आरोपियों की हिरासत अवधि आठ अक्टूबर तक बढ़ाई



**0-पीएफआई छापेमारी**

**मुंबई,03 अक्टूबर 2022।** शहर की एक अदालत ने सोमवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पांच कथित सदस्यों की एटीएस हिरासत अवधि आठ अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दी। इनको कई एजेंसियों की ओर से की गई छापेमारी के दौरान महाराष्ट्र में गिरफ्तार किया गया था।

देशभर में गत 22 सितंबर को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के नेतृत्व में कई एजेंसियों की ओर से की गई छापेमारी के दौरान महाराष्ट्र के आतंक निरोधक दस्ता (एटीएस) द्वारा 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें ये पांच आरोपी शामिल हैं।

एटीएस ने आरोपियों को पूर्व रिमांड अवधि बीतने पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए एम पाटिल की अदालत में सोमवार को पेश किया और हिरासत अवधि आठ दिन तक बढ़ाने की मांग की।

# चीनी ऐप के जरिए नौकरी के नाम पर युवाओं से ऐंठे जा रहे थे पैसे

## ईडी की छापेमारी में 5.85 करोड़ रुपये जब्त

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** चीन ने भारत के युवकों को अपनी जाल में फंसा करोड़ों रुपये की ठगी की। प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के बाद पूरा मामला सामने आया है। दरअसल बेंगलुरु में ऐसे फर्मों का संचालन किया जा रहा है जिसके पीछे चीन है। इनपर पार्ट टाइम नौकरी को लेकर धोखाधड़ी का आरोप है। निदेशालय की छापेमारी में बेंगलुरु के 12 फर्मों से करीब 5.85 करोड़ रुपये जब्त किए गए। ये फर्म निर्दोष युवाओं के साथ जालसाजी कर रहे थे।

**मोबाइल एप कीपशेयरर से हो रही थी ठगी**

चीनी एप कीपशेयरर के जरिए युवाओं को पार्ट टाइम जाब का लालच दे उनसे धन कमाया जा रहा था। ED ने मामले में मनी लान्ड्रिंग की जांच शुरू कर दी है। दरअसल इस मामले में साउथ सेन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया था। इसमें ही पार्ट टाइम नौकरी को लेकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।







**ऐसे ऐंठते थे युवाओं से पैसे**

अपनी जांच में ED को पता चला कि अधिकतर युवाओं के साथ कुछ चीनी लोगों ने धोखाधड़ी की है। ED ने बताया कि कीपशेयरर नाम के मोबाइल एप के जरिए युवाओं से पार्ट टाइम नौकरी देने का वादा कर उनसे पैसे ऐंठे जा रहे थे। चीन के लोगों ने भारत में कंपनियां बनाईं जिसमें डायरेक्टर, ट्रांसलेटर (मंडारिन से अंग्रेजी और अंग्रेजी से मंडारिन), HR मैनेजर और टेलीकालर्स के तौर पर अधिकतर भारतीयों को नियुक्त किया था। इन भारतीयों की डिटेल्स के आधार पर बैंक में खाते बनाए। आरोपियों ने कीपशेयरर नाम से मोबाइल एप बनाया और व्हाट्सएप व टेलीग्राम के जरिए प्रमोट किया। इसमें युवाओं को पार्ट टाइम नौकरी देने के वादे किए गए।

**यूं टास्क दे वसूलता था पैसे**

एक इंवेस्टमेंट एप के साथ कीपशेयरर को लिंक किया गया और इस एप पर युवाओं से रजिस्ट्रेशन के लिए रकम निर्धारित की गई। अधिकारी ने बताया, युवाओं को सेलिब्रिटी की वीडियोज लाइक करने और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड करने का काम दिया जाता था। काम पूरा हो जाने के बाद प्रति वीडियो 20 रुपय देने होते थे जो कीपशेयरर के वालेट में जमा होता था।

# वायुसेना में शामिल हुआ 'प्रचंड'

## युद्ध क्षमता में बढ़ोतरी के साथ रक्षा उपकरणों के उत्पादन को मिलेगी गति



**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** भारतीय वायु सेना ने अपनी युद्ध क्षमता में बड़ा विस्तार करते हुए सोमवार को भारत में विकसित हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर के पहले बेच को शामिल किया. इस अवसर पर राजस्थान के जोधपुर में आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हेलिकॉप्टर का नाम 'प्रचंड' रखा.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में ही विकसित हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर को बेड़े में शामिल होने हमारी क्षमता में बढ़ोतरी होगी और रक्षा उपकरणों के उत्पादन को गति मिलेगी.

उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर योद्धाओं की धरती राजस्थान में बेहतर लड़ाकू हेलिकॉप्टर को वायु सेना के बेड़े में शामिल करने से और कोई बेहतर अवसर नहीं हो सकता है.

वायु सेना प्रमुख चौधरी ने कहा कि एलसीएच के बेड़े में शामिल होने से वायु शक्ति को एक विशिष्ट क्षमता हासिल होगी. उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर ने हिमायल क्षेत्र में अपनी क्षमता को साबित किया है.

# दुर्गा पंडाल में लगी आग,3 बच्चे समेत 5 जिंदा जले,बढ़ सकती है मृतकों की संख्या





**भदोही , 03 अक्टूबर 2022।** उत्तर प्रदेश के भदोही में दुर्गा पंडाल में 5 लोग जिंदा जल गए। इनमें 3 बच्चे और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब भगवान शंकर और मां काली की लीला का मंचन चल रहा था। मंच के सामने 200 से ज्यादा लोग बैठे थे। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, '20 सेकेंड में आग पूरे पंडाल में फैल गई। पहले तो लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया। जैसे ही आग की लपटें बढ़ीं, अफरा-तफरी मच गई। जिसे जहां जगह मिली, लोग वहां भागने लगे।

भीड़ ज्यादा होने की वजह से लोग जब तक बाहर निकलते, उससे पहले आग की चपेट में आ गए।' स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें निकाला। तब तक 67 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे।

सभी घायलों को इलाज के लिए वाराणसी और प्रगायराज ले जाया गया। हादसे में मरने वालों में 12 साल के अंकुश सोनी और 45 साल की जया देवी, 8 साल के हर्षवर्धन, 10 साल के नवीन और 48 साल की आरती शामिल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच मुकाबला हुआ रोचक,कांग्रेस पार्टी ने जारी की गाइडलाइन



**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के बीच 17 अक्टूबर को चुनाव होना है। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को चुनाव संबंधी गाइडलाइन जारी किए हैं। पार्टी ने सभी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि किसी भी उम्मीदवार के खिलाफ कोई दुर्भावनापूर्ण अभियान न चलाया जाए, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान हो।

मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में देखा जा सकता है। दूसरी ओर शशि थरूर ने पार्टी नेताओं से आह्वान किया कि अगर पुरानी वाली कांग्रेस चाहिए तो खड़गे नहीं तो बदलाव के लिए उन्हें ही वोट दें।

**इन नेताओं को प्रचार करने की है मनाही**

दिशा निर्देशों में साफ तौर पर निर्धारित किया गया है कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर में से जिसे वो चाहते हैं वोट देने के लिए स्वतंत्र हैं। एआईसीसी महासचिव या प्रभारी, सचिव या संयुक्त सचिव, पीसीसी अध्यक्ष, सीएलपी नेता, विभाग प्रमुख और सभी प्रवक्ताओं को उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने की अनुमति नहीं है।

इसके अलावा राज्य इकाई के अध्यक्ष उम्मीदवार के लिए कोई बैठक नहीं बुला सकते हैं, लेकिन उन्हें पीसीसी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए एक बैठक हॉल, कुर्सियों और अन्य उपकरण उपलब्ध करा सकते हैं।

# मंच पर मौत का सिलसिला जारी

## 'हनुमान' के बाद अब 'रावण' की मौत, सीता हरण से पहले स्टेज पर तोड़ा दम



**फतेहपुर, 03 अक्टूबर 2022।** स्टेज पर मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में आयोजित एक रामलीला में हनुमान की भूमिका निभा रहे व्यक्ति की अभिनय के दौरान मौत हो जाने के बाद इसी तरह की मौत का मामला अयोध्या से सामने आया है. इसमें भी मृतक हनुमान की तरह रामलीला में रावण का किरदार निभाता था. जानकारी है कि रामलीला में अभिनय के दौरान अचानक वह मंच से गिर गए और उनकी मौत हो गई.

जानकारी के मुताबिक अयोध्या जिले की रुदौली कोतवाली के अंतर्गत ऐहार गांव में रामलीला के मंचन के दौरान रावण का अभिनय कर रहे 60 वर्षीय कलाकार की अचानक मौत हो गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. इस दौरान मौजूद दर्शकों के साथ ही पूरे गांव में मातम छा गया. इस घटना के बाद से ही मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. रविवार 2 अक्टूबर की रात ऐहार गांव में रामलीला का मंचन चल रहा था. रात लगभग एक बजे सीता हरण का मंचन किया जा रहा था. इसी दौरान रामलीला में रावण का अभिनय कर रहे पतिराम पुत्र ननकऊ निवासी ऐहार की अचानक तबीयत खराब हो गई और वह मंच पर ही गिर पड़े.

जैसे ही अभिनय कर रहे पतिराम मंच पर गिरे रामलीला का मंचन तुरंत रोक दिया गया. वहां मौजूद कमेटी व ग्रामीणों ने पतिराम को लेकर सीएचसी रुदौली लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने पतिराम को मृत घोषित कर दिया. रावण का अभिनय करने वाले की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया. ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुनीत कुमार साहू ने बताया कि पतिराम कई वर्षों से रावण का अभिनय करते आ रहे हैं. मृतक के परिवार में पत्नी देवमती, दो बेटे और दो बेटी हैं जिसमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है. परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है.।

# 2 लोगों की गोली मारकर हत्या, एक घंटे में हुई दो बड़ी वारदात

**बिहार, 03 अक्टूबर 2022।** बिहार में अपराधियों का मनोबल इस तरह बढ़ गया है कि हत्या पर हत्याएं हो रही है. पुलिस एक घटना को सुलझा नहीं पाती कि अपराधी दूसरी घटना को अंजाम दे देते हैं. ताजा मामला राजधानी पटना से सटे मनेर का है, जहां बीती रात अपराधियों ने एक घंटे में दो अलग-अलग जगहों पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी. इससे इलाके में दहशत का माहौल है.

पहली वारदात रात 10:00 बजे के आसपास घटित हुई. मनेर में मनीष नाम के युवक को अपराधियों ने एक के बाद एक तीन गोली मार दी और आराम से फरार हो गए. अस्पताल ले जाने के दौरान मनीष की मौत हो गई. मनीष, दुर्गा पूजा मेला घूमने अपने घर से आया था.



हत्या करने वाले का नाम कुणाल बताया जाता है, जो मृतक के गांव का ही रहने वाला है. आक्रोशित ग्रामीणों ने गोली मारने वाले कुणाल के घर पर चढ़कर उसके ट्रक में आग लगा दिया और हंगामा करने लगे. बाद में पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराया. घटना के बाद पुलिस आरोपी कुणाल को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है. साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई थी.

दूसरी वारदात मनेर थाना के ताजपुर गांव में घटित हुई, जहां ताजपुर चौराहे के पास एक किसान को अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. मृतक की पहचान अरविंद कुमार सिंह के रूप में हुई है. अरविंद कुमार किसान हैं और चौराहे पर हमेशा की तरह बैठते थे. गांव के ही विकास नाम के एक युवक ने उन्हें गोली मार दिया. गोली लगने के बाद सभी फरार हो गए. अरविंद सिंह की तड़प-तड़पकर मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वारदात 11 बजे रात को घटित हुई थी, पास में ही दुर्गा पंडाल है लेकिन अरविंद कुमार सिंह को कोई बचाने नहीं आया. दो घंटे बाद पुलिस को सूचना मिली. इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल आरोपी फरार हैं।

# गरबा में नाच रहे युवक की मौत, बेटे की लाश देखकर पिता को आया अटैक, मौत

**पालघर , 03 अक्टूबर 2022।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार शहर में एक गरबा कार्यक्रम में नृत्य करने के दौरान 35 साल के युवक की मौत हो गई।विरार पुलिस से एक अधिकारी ने बताया कि



मनीष नरपजी सोनिग्रा ग्लोबल सिटी कॉम्प्लेक्स में एक गरबा कार्यक्रम में नृत्य करते हुए गिर पड़े।

युवक को उसके पिता नरपजी सोनिग्रा अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बेटे की मौत की खबर सुनकर उसके पिता भी गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और इस संबंध में दुर्घटनावश मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है।

## बीजेपी नेता के रिसोर्ट पर गरबे के साथ चल रही थी पार्टी

# पैसों के लाचल में गैर हिंदू युवकों को दिया प्रवेश,विश्व हिंदू परिषद ने किया बवाल,एफआईआर दर्ज करने की मांग

**श्योपुर, 03 अक्टूबर 2022।** श्योपुर शहर के शिवपुरी रोड में संचालित भाजपा नेता के रिसोर्ट पर युवक-युवतियों के मस्ती करने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। इस पार्टी को उन्होंने संस्कृति के खिलाफ बताकर, एक मुस्लिम युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर रिसोर्ट संचालक और गैर हिंदू युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

हिंदूवादी संगठन मातृशक्ति संयोजिका की प्रांतीय संयोजक अनीता सिंह सिकरवार का आरोप है कि इस रिपोर्ट में नवरात्रि पर गरबा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था, जिसमें गैर हिंदुओं को प्रवेश नहीं था, फिर भी रिसोर्ट में कुछ मुस्लिम युवकों को रुपयों के लालच में प्रवेश दिया गया। संस्कृति के खिलाफ राजाराम रिसोर्ट में पूल पार्टी आयोजित कराई गई और उसमें



युवक- युवतियां एक साथ स्विमिंग पूल में मस्ती कर रहे थे। इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताकर रिसोर्ट संचालक और अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मुस्लिम समाज के युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी आलोक कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं इस मामले में एसपी आलोक कुमार सिंह का कहना है कि राजाराम रिसोर्ट के खिलाफ शिकायत मिली है। मामले की जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जल्द ही राजाराम रिसोर्ट के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई कर सकती है। क्योंकि इस मामले को लेकर हो रहे बवाल के अलावा रिसोर्ट संचालक के पास स्विमिंग पूल चलाने की अनुमति नहीं है।

# 7 विधानसभा सीटों पर आचार संहिता लागू, 3 नवंबर को होंगे उपचुनाव



**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार इन सभी सीटों पर 3 नवंबर को वोटिंग होगी और 6 नवंबर को नतीजे आएंगे।

ये सीटें महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इन सभी सीटों पर 7 अक्टूबर से आचार संहिता लागू कर दी जाएगी।

ये चुनाव महाराष्ट्री की अंधेरी ईस्ट, बिहार की मोकामा और गोपालगंज, हरियाणा की आदमपुर, तेलंगाना, मनुगोड़, उत्तर प्रदेश की गोला गोकरणनाथ और ओडिशा की धामनगर (सुरक्षित) सीट पर होने हैं।

**चुनाव का शेड्यूल**

- अधिसूचना जारी होने की तारीख- 7 अक्टूबर 2022
- नामांकन की आखिरी तारीख- 14 अक्टूबर 2022
- नामांकन की स्क्रूटनी- 15 अक्टूबर 2022
- नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख- 17 अक्टूबर 2022
- मतदान- 3 नवंबर 2022
- मतगणना- 6 नवंबर 2022
- चुनाव संपन्न कराने की आखिरी तारीख- 8 नवंबर 2022

CMYK

## संपादकीय

## चुनाव होगा या थरूर की नाम वापसी?

कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव का मैदान सज गया है। सोनिया और राहुल गांधी के अघोषित समर्थन के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे ने परचा भरा है तो बदलाव की अपील करते हुए शशि थरूर ने नामांकन किया है। एक तीसरे उम्मीदवार भी हैं, झारखंड के केएन त्रिपाठी, जिन्होंने अपने को किसान का बेटा और सोनियाजी का बेटा बताते हुए नामांकन दाखिल किया है। इन तीनों ने नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी 30 सितंबर को परचा भरा। अब आठ अक्टूबर तक नाम वापसी का समय है। अगर आठ अक्टूबर के बाद भी एक से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में रहते हैं तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा। कांग्रेस के करीब नौ हजार डेलिगेट्स अध्यक्ष पद के लिए मतदान करेंगे।
अब सवाल है कि कांग्रेस अध्यक्ष का मामला 17 अक्टूबर तक जाएगा या आठ अक्टूबर के पहले निपट जाएगा? यानी चुनाव होगा या थरूर और त्रिपाठी नाम वापस लेंगे, जिसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे को आम सहमति से निर्वाचित घोषित किया जाएगा? यह सवाल इसलिए है क्योंकि पार्टी के नेताओं का एक बड़ा समूह ऐसा है, जो आम सहमति से कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का समर्थन कर रहा है। बदलाव की मांग करने वाले जी 23 समूह के नेता भी चाह रहे हैं कि खड़गे जैसे वरिष्ठ नेता के साथ चुनाव की नौबत नहीं आनी चाहिए। वैसे उनका बड़े अंतर से जीतना तय है फिर भी नेता चाह रहे हैं कि ज्यादा सम्मानजनक यह होगा कि वे निर्विरोध चुनाव जीतें।
पर मुश्किल यह है कि शशि थरूर इसके लिए तैयार नहीं हैं। वे चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। उन्होंने खुल कर कहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के भीष्म पितामह की तरह हैं लेकिन वे यथास्थितिवाद के साथ हैं। उनका कहना है कि अगर खड़गे अध्यक्ष बनेंगे तो कुछ भी नहीं बदलेगा। उन्होंने अपने को बदलाव का समर्थक बताते हुए चुनाव लड़ने को जस्टिफाई किया है। इसलिए उनसे नाम वापस कराना आसान नहीं होगा।
वैसे भी थरूर को अब जी 23 के नेताओं से सरोकार नहीं है क्योंकि उन सभी नेताओं ने थरूर का साथ छोड़ दिया। जी 23 के नेताओं ने मौजूदा नेतृत्व को चुनौती दी थी और बदलाव की मांग की थी। लेकिन जब मौका आया तो उन्होंने नेतृत्व का ही साथ देने का फैसला किया। उस समूह के किसी नेता ने थरूर का साथ नहीं दिया। तभी वे उनके दबाव में नहीं आएंगे। लेकिन उनके अलावा पार्टी के कुछ बड़े नेता भी थरूर से संपर्क कर सकते हैं। उन पर नाम वापसी का दबाव बनाया जा सकता है। इस बीच एक थ्योरी यह भी चलाई जा रही है कि थरूर भी पार्टी आलाकमान के ग्रैंड प्लान का पार्ट हैं और आठ अक्टूबर से पहले वे भी थरूर की वरिष्ठता और उनके अनुभव का हवाला देते हुए नाम वापस ले लेंगे।


### ॐ श्री गुरु देवाय नमः



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

है अद्भुत क्षण आज, गुरु के दर्शन पाए हैं ,
उनको सन्मुख देख, हृदय ये अति हर्षाए है।
है अद्भुत ,,,,,,,,,,,
माना शब्दों से आत्मीय, भावों की उक्ती न होगी,
लेकिन क्या इससे व्यक्त, हमारी भक्ती न होगी,
जो अव्यक्त उसे पूरा, करने को आंसू आए हैं।
है अद्भुत ,,,,,,,,,,,
है सुगंध भावों की, अक्षत लिये विचारों के,
आत्म दीप को जला, नयन में गंगाजल भर के,
पद पखार कर उनको, हृदयासन बेठाए हैं।
है अद्भुत ,,,,,,,,,,,,
प्रेम पुष्प ले हाथ, किया है उनको अर्पण,
बाकी कुछ भी रहा नहीं, जब किया समर्पण,
है अनमोल घड़ी, ये मन करताल बजाए है।
है अद्भुत,,,,,,,,,,,
पूजा अभी है काल्पनीक, यथार्थ भी होगी कभी,
वो स्वयं आ जाएंगे या हमको बुलाएंगे कभी,
अभी तो वो लगन हमारी दिन ब दिन अजमाए हैं
है अद्भुत ,,,,,,,,,,,


### तलाश



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

यूँ तो सब कुछ है मेरे पास
बस इक सुकून की तलाश है
जो उबाल इरादों में ला दे
उस रंग-ए-ख़ून की तलाश है
हों ज़िंदा हम, ये नाकाफ़ी है
जीने को जुनून की तलाश है
रेतीले-रूखे चेहरे देखे हरसू
आँखों को कुछ नून की तलाश है
सहरा-ओ-दश्त-ओ-वीरानगी
हयात को मानसून की तलाश है
मन पर कई तूफ़ां हुए क़ाबिज़
चंद लम्हे पुरसुकून की तलाश है

### दीदार



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

कहते हैं लोग पल बीता नहीं,प्यार हुये।
यूं लगता है जमाना गुजरा दीदार हुये।
सुलगती चांदनी,चुभते फूल, यादों के अब्र,
उम्र कैसे कटेगी,गुजरती नही शबे हिज्र,
कुसूर अपना है, हम क्यूं दीवानावार हुये।
यूं लगता है जमाना गुजरा दीदार हुये।
अब न जरा तुम देर लगाओ, चले आओ,
मेंरी मायूस जिंदगी को हंस के सजाओ,
देखते ही देखते फूल प्यार के खार हुये।
यूं लगता है जमाना गुजरा दीदार हुये।
ये कैसा है तुम्हारी मोहब्बत का सिला,
तुम्हें अपना माना, तुम्हीं ने दर्दे दिल दिया,
फूलों भरे रास्ते क्यूं पुरखार हुये।
यूं लगता है जमाना गुजरा दीदार हुये।

# मिशन से दूर होती आज की पत्रकारिता एवं गांधी एक पत्रकार



कुमुद रंजन सिंह,
नालंदा
बिहार

गांधी जी के लिए पत्रकारिता एक मिशन था, वे विज्ञापन करने में विश्वास नहीं रखते थे और जनता को अपने अखबार का पार्टनर समझते थे.
मौजूदा दौर में जहाँ मीडिया सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करता हुआ दिखता है, वही गाँधी जी के लिए पत्रकारिता एकता और सांप्रदायिक सौहार्द का माध्यम थी. अखबार के माध्यम से वे आम जनमानस में आजादी के मूल्य को जीवन का मूल्य बनाना चाहते थे.

### इंग्लैंड में शुरू हुई गाँधी की पत्रकारिता

वर्ष 1888 में 19 वर्ष की उम्र में, गाँधी वकालत की पढ़ाई के सिलसिले में लंदन गए. इसी दौरान वे 'लंदन वेजीटेरियन सोसाइटी' के सदस्य बने. संस्था की पत्रिका 'द वेजीटेरियन' के लिए उन्होंने लेख लिखना शुरू किया. उनका पहला लेख 'इंडियन वेजीटेरियन' था जो 1891 में प्रकाशित हुआ. पत्रिका में उनके लगभग 12 लेख प्रकाशित हुए. इसमें शाकाहार, भारतीय खान-पान, परंपरा और धार्मिक त्यौहार जैसे विषय शामिल थे. शुरुआती लेख से ही तथ्यपरक ढंग से सरल भाषा में विचारों को व्यक्त करने की उनकी कला दिखी. दादा भाई नौरोजी ने 1890 में जब लंदन से 'इंडिया' नामक अंग्रेजी पत्र प्रकाशित किया तो उन्होंने गांधी को जोहांसवर्ग, डरबन और दक्षिण अफ्रीका में अपने समाचार पत्र का प्रतिनिधि नियुक्त किया.

### दक्षिण अफ्रीका में हुई घटना ने लिखने के लिए किया मजबूर

1893 में गाँधी जी वकालत करने दक्षिण अफ्रीका गये. जहाँ लंदन में गाँधी किसी प्रकार के रंगभेद का शिकार नहीं हुए, वहीं दक्षिण अफ्रीका में उनके साथ घटी नस्लभेद की अनेक घटनाओं ने उन्हें प्रेरित किया कि इस पीड़ा की अभिव्यक्ति पत्रकरिता के माध्यम से किया जाए. दक्षिण अफ्रीका पहुंचने के तीसरे दिन ही उन्हें कोर्ट में अपमानित किया गया. कोर्ट परिसर में उनके पगड़ी पहनने पर पाबंदी लगी. अगले ही दिन उन्होंने स्थानीय संपादक को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति जतायी. उनके विरोध के स्वर को अख़बार ने प्रकाशित किया. पहली बार गाँधी जी के लेख को अख़बार में जगह मिली थी. पत्र में उन्होंने लिखा की किसी भी देश में कोई कानून व्यक्तिगत या सांस्कृतिक आज़ादी के खिलाफ नहीं हो सकता. इस घटना से पहली बार दक्षिण अफ्रीका में गाँधी जी चर्चा में आए और अन्याय के प्रति विरोध की अभियक्ति ने उनके अन्दर पत्रकरिता का बिगुल फूका और शुरू हुआ इस क्षेत्र में उनका लंबा सफ़र.
दक्षिण अफ्रीका में 1899 में बोअर युद्ध छिड़ा, जिसने गांधीजी को भारतीय एम्बुलेंस कोर के स्वयंसेवकों के साथ युद्ध के मैदान में जाने और युद्ध को नजदीक से देखने का अनुभव प्रदान किया। इसके बाद उन्होंने युद्ध का अपना अनुभव द टाइम्स ऑफ इंडिया, बॉम्बे को भेजना शुरू किया। युद्ध संवाददाता के तौर पर पूरी मानवीय संवेदना से उन्होंने इस युद्ध की रिपोर्टिंग की. दक्षिण अफ्रीका में आम भारतीयों के बारे में काफी अपमानजनक लेख प्रकाशित किए जाते थे. ऐसे में गाँधी जी इस दुष्प्रचार का सामना करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष अखबारों में लिखने लगे. इसी कड़ी में 1903 में उन्होंने डरबन में इंडियन ओपिनियन नामक पत्रिका में शुरू की. मुख्य रूप से यह चार भाषओं अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती और तमिल में प्रकाशित होती थी. पत्रिका के पहले अंक में ही गांधी जी ने पत्रकारिता के उद्देश्यों को बताते हुए स्पष्ट किया कि पत्रकारिता का पहला काम जनभावनाओं को समझना और उन्हें अभिव्यक्ति देना है.
इंडियन ओपिनियन के ज़रिये उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में रह रहे भारतीयों की परेशानियों का उल्लेख किया. वे अखबार के माध्यम से प्रशासन का इन समस्यायों की ओर ध्यान आकर्षित करने लगे. इस पत्रिका में सिर्फ नस्लभेद के मुद्दे ही नहीं उठाये गये, दक्षिण अफ्रीका में बसे भारतीय समाज को स्वच्छता, आत्मानुशासन और अच्छी नागरिकता के बारे में शिक्षित करने का प्रयास भी किया गया. गांधी जी ने अपनी आत्मकथा में लिखा, 'इस समाचार पत्र की जरूरत के बारे में हमारे मन में कोई संदेह नहीं है. भारतीय समाज दक्षिण अफ्रीका के राजकीय शरीर का निर्जीव अंग नहीं है. उसे जीवित अंग सिद्ध करने के लिए यह पत्र निकाला गया है.'
सत्ता के विरोध में मुखर रहने पर साल 1906 में अफ्रीकी प्रशासन ने उन्हें जोहान्सवर्ग की जेल में कैद कर दिया। लेकिन जेल में रहने के बावजूद गांधी जी ने कोई समझौता नहीं किया, बल्कि जेल से ही अख़बार के संपादन का काम किया. अखबार ने कई बार आर्थिक तंगी झेली, लेकिन गाँधी जी ने खुद की आय का बड़ा हिस्सा इसके प्रकाशन में लगाकर इसकी गति धीमी नहीं होने दी. 1893 से लेकर 1914 तक गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में पत्रकरिता के माध्यम से दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों की वकालत की, भारतीय समाज को एकजुट किया और विभिन्न समूहों में आपसी सौहार्द स्थापित किया.
गांधी जी ने पत्रकारिता को लोगों की सेवा के साधन के रूप में देखा। उन्होंने अपनी आत्मकथा में कहा है, 'इंडियन ओपिनियन के पहले महीने में ही मैंने महसूस किया कि पत्रकारिता का एकमात्र उद्देश्य सेवा होना चाहिए. समाचार पत्र एक महान शक्ति है, लेकिन जिस तरह पानी की एक अनियंत्रित धारा पूरे देश को डुबो देती है और फसलों को तबाह कर देती है, उसी तरह एक अनियंत्रित कलम नष्ट करने का ही काम करती है।' दक्षिण अफ्रीका में शुरू हुई गाँधी जी की मिशनरी पत्रकारिता ने बाद में भारत में भी उसी बदलाव की मशाल जलाई.

### भारत में जन जागरण के लिए पत्रकारिता बनी सहारा

गाँधी जी के भारत आगमन से पहले भी भारत में अनेक स्वतंत्रता सेनानी अंग्रेजी उपनिवेश के खिलाफ आम जनता को जगाने के लिए पत्रकारिता का प्रयोग कर रहे थे. श्रेत्रीय भाषाओं में अनेक पत्रिकाएं भी यह काम कर रही थीं. इनमें आनंद बाज़ार पत्रिका के शिशिर घोष / मोतीलाल घोष, बालगंगाधर तिलक, रामकृष्ण पिल्लई, सुब्रह्मण्यम अय्यर आदि शामिल थे. भारत में गाँधी जी के आगमन के बाद पत्रिकारिता को नई उर्जा मिली. कह सकते हैं कि 1915 के बाद के कालखंड में गाँधी जी का भारत की पत्रकारिता में ख़ासा प्रभाव रहा.




अंग्रेजों ने प्रथम विश्व युद्ध में समर्थन के बदले भारतीयों से अस्पष्ट रूप से 'होम रूल' वादा किया था, इसके उलट ब्रिटिश सरकार ने 1919 में भारतीय जनता पर कठोर रॉलेट एक्ट थोप दिया। इस बिल ने न केवल तथाकथित 'देशद्रोही' दस्तावेज के प्रकाशन, बल्कि उसके कब्जे को भी एक दंडनीय अपराध बना दिया। इसके विरोध में गांधीजी ने 7 अप्रैल 1919 में एक अपंजीकृत साप्ताहिक 'सत्याग्रह' शुरू किया और उसके संपादक बने । यह हर सोमवार को प्रकाशित होता था और इसके माध्यम से सत्याग्रह के विचार का प्रचार किया जाने लगा. इसमें देश भर में हो रहे नागरिक अवज्ञा आंदोलन की ख़बरें भी रहती थीं. नागरिक अवज्ञा आंदोलन वापस लिए जाने के बाद उन्होंने यह पत्रिका बंद कर दी. गाँधी जी प्रेस की स्वतंत्रता के पक्षधर थे. उन्होंने कहा था कि प्रेस की स्वतंत्रता एक मूल्यवान विशेषाधिकार है, जिसका त्याग कोई देश नहीं कर सकता. वे पश्चिम की तरह पूर्व में भी समाचार पत्रों को जनता की बाइबिल, कुरान, जेंद-अवेस्ता और गीता के रूप में देख रहे थे. उन्होंने कहा कि समाचार पत्र तथ्यों के अध्ययन के लिए पढ़े जाने चाहिए. अख़बारों को यह अनुमति नहीं दी जानी चाहिए कि वे हमारे स्वतंत्र चिंतन को समाप्त कर दें. प्रेस की आजादी के पर काटने वाले इस दौर में गाँधी जी ने आगे बढ़कर विभिन्न पत्रिकाओं के संपादन की ज़िम्मेदारी ली.
नवजीवनः गाँधी जी ने 7 सितम्बर 1919 को गुजराती में 'नवजीवन' नामक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन शुरू किया. इस पत्र के संपादन की ज़िम्मेदारी शंकर लाल बैंकर और इंदुलाल याज्ञिक ने उन्हें सौंपी थी. गांधी जी के संपादकत्व में एक आना मूल्य के इस साप्ताहिक पत्र की ग्राहक संख्या देखते ही देखते 1200 तक जा पहुंची थी।
यंग इंडिया – होम रूल लीग के दो युवा समर्थकों उमर सोबानी और शंकरलाल बैंकर ने अपने साप्ताहिक यंग इंडिया का संपादक बनने की पेशकश भी गाँधी जी को की थी. 8 अक्टूबर को गाँधी जी के संपादन में अहमदाबाद से 'यंग इंडिया' साप्ताहिक पत्र के रूप में निकलने लगा. यह पत्र अंग्रेजी भाषा में था. 'यंग इंडिया' के पहले संपादकीय लेख में गांधी जी ने जिक्र किया कि देश की 80 त्न किसान व मजदूर जनसंख्या अंग्रेजी नहीं जानती। फिर यह अंग्रेजी पत्र क्यों? जवाब में गांधी जी खुद कहते हैं कि वे इन मुद्दों को केवल देश के किसानों और मजदूरों तक ही नहीं पहुंचाना चाहते, बल्कि वे शिक्षित भारत के साथ-साथ मद्रास प्रेसीडेंसी के लोगों से भी जुड़ना चाहते हैं और इसके लिए अंग्रेजी जरूरी है। 1922 तक यह पत्र 40,000 की साप्ताहिक बिक्री के आंकड़े तक पहुंच गया। 1919 से 1921 की अवधि में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उछाल के साथ-साथ उनके दो साप्ताहिकों के प्रसार में भारी वृद्धि देखी गई।
1922 में यंग इंडिया में सरकार की आलोचना करने वाले तीन लेखों के प्रकाशन के बाद, गांधी जी पर राजद्रोह का आरोप लगाया गया। ये दोनों ही पत्रिकाएं अंततः 1932 में बंद कर दी गईं, जब गांधी जी को नमक सत्याग्रह के बाद जेल में डाला गया। यरवडा जेल में रहते हुए 1933 में उन्होंने साप्ताहिक 'हरिजन' का प्रकाशन शुरू कर दिया. उन्होंने अंग्रेजी, गुजराती और हिंदी में क्रमशः हरिजन, हरिजन-बंधु, हरिजन-सेवक की शुरुआत की। ये समाचार पत्र ग्रामीण क्षेत्रों में छुआछूत और गरीबी के खिलाफ उनके अस्त्र बने। इनके जरिये उन्होंने भारत में गांव की समृद्धि को राष्टीय से जोड़ा. हरिजन में लम्बे समय तक कोई राजनीतिक लेख नहीं छपा. हरिजन का मुख्य उद्देश्य भारत की सामाजिक कुरीतियों को सामने लाना था. गाँधी जी ने आजादी के विभिन्न आन्दोलनों का ताकतवर प्रचार अपने पत्रों के माध्यम से किया. उन्होंने मीडिया का इस्तेमाल बड़ी ही चतुराई से किया. उनका मानना था कि प्रचार रक्षा का एक प्रमुख हथियार है. भारत छोड़ो आंदोलन से पहले गाँधी जी ने हरिजन को अंग्रेजी और आठ अन्य भारतीय भाषाओं में भी प्रकाशित किया, ताकि आन्दोलन की शुरआत से पहले और उसके दौरान भारतीय जनता तक उनके विचारों की पहुँच सुनिश्चित हो सके.

### मुनाफे के लिए नहीं,सेवा के लिए पत्रकारिता

गाँधी जी ने अपने इन पत्रों में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया, फिर भी इसका दूर-दूर तक व्यापक प्रसार हुआ। उन्होंने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि अखबार के लिए विज्ञापन लेना पत्रकारिता को बेचने जैसा है। वे मानते थे कि पत्रकारिता का खर्च पाठक संख्या बढ़ाकर निकालना चाहिए. विज्ञापन नहीं प्रकाशित करने की पालिसी के बावजूद गाँधी जी की कोई भी पत्रिका कभी घाटे में नहीं चलती थी.
आज का मुनाफाखोर कॉर्पोरेट मीडिया जहाँ, जनपक्षधरता का अपना मौलिक कर्तव्य छोड़कर निर्लज्जतापूर्वक जनविरोधी सरकारों के महिमामंडन में लगा रहता है, वहीं इसके विपरीत गाँधी जी ने अपने अखबारों में कभी कोई सनसनीखेज समाचार नहीं चलाया. उनकी पत्रिका में सत्याग्रह, अहिंसा, खानपान, प्राकृतिक चिकित्सा, शिक्षा व्यवस्था, हिंदु-मुस्लिम एकता, छुआछूत मिटाने, सूत कातने, खादी, स्वदेशी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदि विषयों पर लेख छपते थे. गांधी जी के लिए पत्रकारिता एक मिशन थी. उन्होंने लिखा था कि मैंने पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में लिया है; उन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, जिनको मैं जरूरी समझता हूँ और जो सत्याग्रह, अहिंसा व सत्य के अन्वेषण पर टिके हैं।
गाँधी जी पत्रकारिता के माध्यम से जनता की कमजोरियों और बुराइयों को आत्मसुधार और आत्मचिंतन के माध्यम से दूर करना चाहते थे. जनता में स्वचेतना का निर्माण कर व्यापक जनमत तैयार करना उनका लक्ष्य था, वे आजादी के मूल्य को जीवन का मूल्य बनाना चाहते थे। इस कारण वे अपने पत्रों में निरंतर लिखते थे और जनता के विचार भी प्रकाशित करते थे. उन्होंने अपने पत्रों में संपादक को लिखे आलोचनात्मक पत्र भी न केवल छापे, बल्कि धैर्य के साथ उनका उत्तर भी दिया और सुसंगत रूप से अपना दृष्टिकोण सबके सामने रखा। गाँधी जी के बहु-प्रतिभाशाली सचिव महादेव देसाई ने उनकी काफी सहायता की, वे गुजराती और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कुशल थे। गांधी जी के अन्य सहयोगियों स्वामी आनंद, काका कालेलकर, नरहरि पारिख आदि ने भी नवजीवन में योगदान दिया और गुजराती भाषा के अनुवादों को सही आकार दिया।
वह पत्रकारिता में नैतिक मूल्यों की स्थापना का दौर था.
गांधी जी ने पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं के बारे में लिखा। उनके लिए संपादकीय स्वतंत्रता, सत्य का पालन और आत्मसंयम पत्रकारिता के तीन प्रमुख विचार थे. एक संपादक और एक पत्रकार के रूप में गांधी जी ने सरल भाषा के उपयोग के महत्व पर जोर दिया। वे मानते थे कि लेखन की भाषा स्पष्ट और सरल हो. लेखनी में किसी भी तरह की नफरत न हो. मवी कामथ ने लिखा है कि गांधी जी इस प्रकार लिखते थे कि प्रत्येक व्यक्ति उसे समझ सके. उनमें साहित्यिक महत्वाकांक्षा नहीं थी, पर उन्होंने जो भी लिखा, वह साहित्य है. जिस भी भाषा की पत्रिका की जिम्मेदारी उन्होंने ली, सत्य, अहिंसा, निष्पक्षता जैसे मूल्यों पर हमेशा जोर दिया. गाँधी जी प्रकाशन से पहले किसी भी ख़बर को जांचने परखने पर जोर देते थे. आज फेक न्यूज़ के दौर में जब बड़े-बड़े मीडिया हाउस भी बिना वेरीफाई किए ख़बरें छापते हैं, तो गाँधी जी की ये मूल्यपरक सिखावनें याद आती हैं-
'समाचार पत्र मुख्य रूप से लोगों को शिक्षित करने के लिए होते हैं। वे लोगों को समकालीन इतिहास से परिचित कराते हैं। यह कोई कम जिम्मेदारी वाला काम नहीं है। हालाँकि, यह एक सच्चाई है कि पाठक हमेशा समाचार पत्रों पर भरोसा नहीं कर सकते। अक्सर तथ्य जिस तरह रिपोर्ट किए जाते हैं, उसके बिल्कुल विपरीत पाए जाते हैं। अगर अखबारों को यह एहसास हो कि लोगों को शिक्षित करना उनका कर्तव्य है, तो उन्हें प्रकाशित करने से पहले रिपोर्ट की जांच करने के लिए इंतजार करना चाहिए। यह सच है कि अक्सर उन्हें कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। उन्हें थोड़े समय में असत्य से सत्य को छांटना होता है। फिर भी, मेरी राय है कि अगर किसी रिपोर्ट को सत्यापित करना संभव नहीं हो पाया हो, तो रिपोर्ट को न प्रकाशित करना ही बेहतर है।'
गांधी जी द्वारा कभी यंग इंडिया में लिखा गया यह अंश आज तक एक पत्रकार के लिए उपयोगी सलाह है, 'अपने विश्वास के प्रति सच्चे होने के लिए, मैं क्रोध या द्वेष में नहीं लिख सकता। मैं मूढ़ता से नहीं लिख सकता। मैं केवल जोश को उत्तेजित करने के लिए नहीं लिख सकता। पाठक को इस बात का अंदाजा नहीं हो सकता कि विषयों के चुनाव और मेरी शब्दावली में मुझे सप्ताह-दर-सप्ताह किस संयम का प्रयोग करना पड़ता है। यह मेरे लिए प्रशिक्षण है।'

### आज के दौर में गाँधी जी की पत्रकारिता के मायने

आज, जब मीडिया पर बाजार की ताकतों के प्रभाव बढ़ता जा रहा है और पत्रकारिता जब समाज सेवा नहीं, मुनाफा का जरिया बन चुका है, ऐसे में पत्रकारिता के मूल्यों पर गांधी जी के विचार इस पेशे की नैतिकता पर ध्यान आकर्षित करते हैं, 'अक्सर यह देखा गया है कि समाचार पत्र किसी भी मामले को प्रकाशित करते हैं, जो सिर्फ जगह भरने के लिए होता है। वजह यह है कि ज्यादातर अखबारों की नजर मुनाफे पर हैज्पश्चिम में ऐसे अखबार हैं, जो कूड़े-कचरे से इतना भरे हुए हैं कि उन्हें छूना भी पाप होगा। कई बार वे विभिन्न परिवारों और समुदायों के बीच भी कड़वाहट और कलह पैदा कर देते हैं। इस प्रकार, समाचार पत्र आलोचना से केवल इसलिए नहीं बच सकते, क्योंकि वे लोगों की सेवा करते हैं।'
आज जब पत्रकरिता जन मुद्दों से हटकर मंदिर-मस्जिद के मुद्दे पर केन्द्रित हो गयी है, समाज में अलगाव की भूमिका निभा रही है, ऐसे में गाँधी जी की विरासत को याद करना ज़रूरी है. गाँधी जी की पत्रकारिता समुदायों के बीच पुलों का निर्माण का काम करती थी. आज नफरत के इस दौर में गाँधी जी की पत्रकारिता की पहले से ज्यादा ज़रुरत है. गाँधी जी ने एक दौर में पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था, 'अखबार वाले बीमारी के वाहक बनते जा रहे हैं. अखबार तेजी से लोगों के गीता, कुरान और बाइबिल बनते जा रहे हैं. एक अखबार यह अनुमान तो लगा सकता है कि दंगे होने वाले हैं और दिल्ली में सभी लाठियां और चाकू बिक गए हैं, लेकिन एक पत्रकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को बहादुरी का पाठ सिखाए, न कि उनके भीतर भय पैदा करे.'
मौजूदा दौर में भी गाँधी जी की तरह निर्भीक पत्रकारों की ज़रूरत है, जो सत्ता से न डरें और जनता को बहादुरी का पाठ पढाएं.

# पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की कब ऐसी चर्चा हुई थी?

ध्यान नहीं आ रहा है कि आखिरी बार कब किसी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष के चुनाव की ऐसी चर्चा हुई थी, जैसी अभी कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की हो रही है। भारत में आमतौर पर पार्टियों में अध्यक्ष के चुनाव नहीं होते हैं। आंतरिक लोकतंत्र के नाम पर पार्टियों में कुछ नहीं होता है। हर पार्टी का आलाकमान होता है, जिसके हिसाब से सारे फैसले होते हैं। आमतौर पर आलाकमान ही अध्यक्ष होता है या उसकी पसंद का कोई व्यक्ति निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया जाता है। कई पार्टियां तो चुनाव का झंझट ही खत्म करके अपने आलाकमान को स्थायी अध्यक्ष बनाने की दिशा में बढ़ गई हैं।
तभी चुनाव आयोग ने वाईएसआर कांग्रेस को चिट्ठी लिख कर जगन मोहन रेड्डी को स्थायी अध्यक्ष बनाए जाने के प्रयासों के लिए फटकार लगाई। उससे जवाब मांगा है। अभी जब कांग्रेस अध्यक्ष के चुनावों की चर्चा चल रही थी इसी बीच दो दिन में चुपचाप दो बड़ी पार्टियों के राष्टीय अध्यक्ष चुन लिए गए। चार दिन पहले पटना में राष्टीय जनता दल की बैठक हुई और लालू प्रसाद 12वीं बार पार्टी के अध्यक्ष चुने गए। इसके एक दिन बाद लखनऊ में समाजवादी पार्टी की बैठक हुई और अखिलेश यादव तीसरी बार अध्यक्ष चुन लिए गए। यह भी चर्चा है कि भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक और कार्यकाल मिल जाएगा।
कांग्रेस में भी अब तक ऐसा ही चलता आ रहा था। पिछले 20 साल से कांग्रेस में भी चुनाव नहीं हुआ। आखिरी बार सन 2000 में सोनिया गांधी को जितेंद्र प्रसाद ने चुनौती दी थी लेकिन बुरी तरह से हारे थे। उसके बाद सोनिया अध्यक्ष चुनी जाती रहीं। अध्यक्ष का कार्यकाल भी बढ़ा कर पांच साल कर दिया गया था ताकि बार बार चुनाव का झंझट नहीं रहे। सोनिया गांधी 1998 से 2017 तक अध्यक्ष रहीं। उसके बाद राहुल गांधी अध्यक्ष चुने गए। वह भी औपचारिकता थी। वे निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया तो फिर सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष बनीं और अंतरिम अध्यक्ष वाला सिस्टम तीन साल से चल रहा है। लेकिन इस बार सब कुछ बदला हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव इस समय की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना है। इस चुनाव के बहाने कितने राज्यों के समीकरण बन और बिगड़ रहे हैं।
यह पहली बार है, जब किसी पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर इतनी चर्चा है, इतना मीडिया अटेंशन हैं और इतनी दिलचस्पी है। ऐसा इसलिए भी है कि एक पूरी पीढ़ी ने जन्म लेने से लेकर जवान होने तक सोनिया और राहुल गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर देखा-जाना है। पिछले 24 साल में पहली बार कोई गैर गांधी कांग्रेस का अध्यक्ष बनने जा रहा है। इसलिए लोगों को यह जानने में दिलचस्पी है कौन अध्यक्ष होगा, वह कैसे काम करेगा, परिवार के असर में रहेगा या स्वतंत्र रूप से काम करेगा, उससे पार्टी का क्या भला होगा, कहां क्या समीकरण बदलेगा आदि आदि।
क्या कांग्रेस के ऊपर वंशवाद के आरोप लगने बंद हो जाएंगे? हालांकि इसकी संभावना कम है क्योंकि भाजपा ने पहले ही कहना शुरू कर दिया है कि कांग्रेस का जो भी अध्यक्ष बनेगा वह गांधी परिवार की कठपुतली होगा। असली ताकत सोनिया और राहुल गांधी के पास ही रहेगी।

-हरिशंकर व्यास-

# गर्भपात और महिला अधिकार

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की महिलाओं के अधिकारों के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। उसने अपने ताजातरीन फैसले में सभी महिलाओं को गर्भपात का अधिकार दे दिया है, वे चाहे विवाहित हों या अविवाहित हों। भारत में चले आ रहे पारंपरिक कानून में केवल विवाहित महिलाओं को ही गर्भपात का अधिकार था। वे गर्भ-धारण के 20 से 24 हफ्ते में अपना गर्भपात करवा सकती थीं लेकिन ऐसी महिलाएं, जो अविवाहित हों और जिनके साथ बलात्कार हुआ हो या जो जान-बूझकर या अनजाने ही गर्भवती हो गई हों, उन्हें गर्भपात का अधिकार अब तक नहीं था।
उसका नतीजा क्या होता रहा? ऐसी औरतें या तो आत्महत्या कर लेती हैं, या छिपा-छिपाकर घर में ही किसी तरह गर्भपात की कोशिश करती हैं या नीम-हकीमों और डॉक्टरों को पैसे खिलाकर गुपचुप गर्भमुक्त होने की कोशिश करती हैं। इन्हीं हरकतों के कारण भारत में 8 प्रतिशत गर्भवती औरतें रोज़ मर जाती हैं। लगभग 70 प्रतिशत गर्भपात इसी तरह के होते हैं। जो औरतें बच जाती हैं, वे इस तरह के गर्भपातों के कारण शर्म और बिमारियों की शिकार हो जाती हैं।
भारत में गर्भपात संबंधी जो कानून 1971 और संशोधित कानून 2021 में बना, उसमें अविवाहित महिलाओं का गर्भपात गैर-कानूनी या आपराधिक माना गया था। अब सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐसी ही महिला के मामले पर विचार करते हुए सभी महिलाओं को गर्भपात की छूट दे दी है। जाहिर है कि संसद अब इस आदेश को लागू करने के लिए कानून बनाएगी। इसके साथ-साथ अदालत ने यह भी माना है कि यदि कोई विवाहित स्त्री अपने पति के बलात्कार के कारण गर्भवती हुई है तो उससे भी गर्भपात की छूट देनी चाहिए।

-वेद प्रताप वैदिक-




### नवरात्रि और नारी



उत्कर्ष कुमार
सोनबोइर
जगदलपुर
छत्तीसगढ़

नारी जिससे देवता भी हारी
काली जिससे स्वयं शंभु हारे
द्रौपदी जिससे पांडव कौरव हारे
वो स्वयं किल्ला कंकालिन
तो आदि दुरगहीन माँ चण्डिका है
कभी नरसिंह अवतार की भगिनी
रतनपुर की माँ महामाया है
राजा कामदल की आशापुरा
वो डोंगरगढ़ बमलाई है
वो बाबा बर्फानी की आरध्या
नंदगहिन माँ पाताल भैरवी है
वो बस्तर की माई महतारी
देवी दंतेश्वरी शक्ति स्वरूपा है
कोरबा की मंगल धारणी
सर्वमंगला देवी स्वरूप है
वो झलमाल
गंगा मइया जैसे शीतल
गांव गांव की शीतला महारानी है।
दुर्गम राक्षस मर्दानी देवी दुर्गा
चण्ड मुण्ड संघारणी
महिसासुरमर्दिनि है
शशि शीश धारणी, त्रिनेत्र शोभनी
वो त्रि देव पूजनीय माँ शक्ति है
नारी है वो जग अवतारी
वो सृष्टि की महतारी है।
जिससे रावण, पांडव, राम,
कृष्ण,विष्णु,स्वयं शंभु भी हारे है
वो नारी है जिससे
देवता भी हारी है।

### मानवता के हित मानव बनना अच्छा है



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

मानवता के हित मानव बनना अच्छा है
दानवता प्रतीक है हमारे कुविचारों का
प्रतीक है हमारे कर्म व कुसंस्कारों का
बनावटी संस्कारो को बदलना अच्छा है
मानवता के हित मानव बनना अच्छा है
देश हित रक्षा हेतु जो चट्टान सा खड़ा हो
आन बान के खातिर जो सबसे लड़ा हो
मर्यादा और स्वाभिमान में जो सच्चा है
मानवता के हित मानव बनना अच्छा है
स्त्री मर्यादा का जिसने मान सम्मान रखा
सतित्व का जिसने जिंदा स्वाभिमान रखा
आत्म सम्मान के लिए मर मिटना अच्छा है
मानवता के हित मानव बनना अच्छा है
दानवता प्रतीक है हमारे कुविचारों का
प्रतीक है हमारे कर्म व कुसंस्कारों का
बनावटी संस्कारो को बदलना अच्छा है
मानवता के हित मानव बनना अच्छा है
मानव हो तो मानवता का स्वभाव रखो
जीवन हित समाजिकता का भाव रखो
जनहित मे जीना और मरना अच्छा है
मानवता के हित मानव बनना अच्छा है


### तेरा हमसफर



निक
राजपूत
नई दिल्ली

हाथ थाम कर तेरा हमसाया बनूँ।
ता उम्र तेरे सर पर मैं छाया बनूँ।
अकेलेपन में गुनगुनाता हुआ
तेरे होठों पर मधुर गीत बनूँ।
लिखें जो तू कविता तो मैं हर
एक अल्फाज़ का जज़्बात बनूँ।
तेरी नादानियाँ ये तेरी चुप्पीया
खामोशियाँ की मैं आवाज़ बनूँ।
एक बार नज़र से नज़र तो मिला
मैं तेरी हर नज़र का नज़ारा बनूँ।
तरा ख़ुदा तेरी दुआ बनूँ ज़िंदगी
के सफ़र मैं तेरा हमसफ़र बनूँ।

### नारी!तुम सबला हो



संगीता पाठक
धमतरी
छत्तीसगढ़

हे नारी !तुम सबला हो,अबला नहीं!
तुम अपनी अन्वेषणी बुध्दि से
सागर की गहराई को भी माप सकती हो।
हे नारी तुम सबला हो,अबला नहीं!
तुम अपनी सृजन शक्ति से
नवीन संकल्पनाओं को रच सकती हो।
हे नारी !तुम सबला हो,अबला नहीं!
तुम अपनी कल्पना शक्ति से
नये क्षितिज में उड़ान भर सकती हो।
हे नारी !तुम सबला हो !अबला नहीं!
तुम अपने सद्गुणों से
घर को ही मंदिर बना सकती हो।
हे नारी !तुम सबला हो !अबला नहीं!
तुम अपने असीम धैर्य बल से
हर कठिन परिस्थिति को हरा सकती हो।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सरगुजा राज परिवार के टीएस सिंहदेव ने अपने भतीजे के साथ मंदिर पहुंच कर की संधि पूजा



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** शारदीय नवरात्र के महाष्टमी के दिन सोमवार को पूजा के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों व पंडालों में पहुंच कर पूजा अर्चना की। सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। महाअष्टमी के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया और पूजा के लिए परंपरा के अनुसार मंदिरों व पंडालों के कपाट बंद कर दिए गए। जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान व माता के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर से लेकर पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ से शहर की सड़कों पर पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रही। पुलिस को यातायात व्यवस्था संभालने काफी मशक्कत करनी पड़ी।महामाया मंदिर में महाष्टमी की पूजा करने शहर सहित आस-पास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। यहां दोपहर में जैसे ही संधि पूजा का मुहूर्त शुरू हुआ मंदिर के सामने का परिसर श्रद्धालुओं से ठसाठस भर गया। मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चनाकर मंगलमय जीवन की कामना की। इसी प्रकार गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर, संत हरकेवल शक्तिपीठ, चोपड़ापारा काली मंदिर, बाबूपारा काली मंदिर, शंकरघाट काली मंदिर पुलिस लाइन गौरी मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में बुधवार को विशेष अनुष्ठान हुए। मंदिरों के साथ दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ से शहर की हर सड़क पर बुधवार को सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा भीड़ होने से जाम की स्थिति बनी रही। सबसे ज्यादा भीड़ रिंग रोड में प्रवेश द्वार व महामाया मंदिर के बीच बनी रही। पुलिस ने चार पहिया वाहनों को प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया था। बाइक की भी मंदिर से पहले पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई थी। इसी प्रकार दुर्गा पंडालों में भीड़ से शहर की सड़कों में जाम की स्थिति बनी रही। महाष्टमी पर दुर्गा पंडालों में भी विशेष अनुष्ठान हुए। सुबह माता की आरती हुई। दोपहर में संधि पूजा के मुहूर्त पर मां की प्रतिमा को पूजा अर्चना की गई। इसके बाद दर्शन के लिए पर्दे को हटाया गया। संधि पूजा के समय पंडाल श्रद्धालुओं से ठसाठस भरा रहा। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित दुर्गा बाड़ी, देवीगंज रोड दुर्गा बाड़ी, गुदरी चौक, सदर रोड, जय स्तंभ चौक, देवीगंज रोड दुर्गा पूजा समिति सहित अन्य दुर्गा पंडालों में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। यहां पूरे दिन लोगों की भीड़ लगी।

### राज परिवार ने महामाया मंदिर में परंपरा के अनुसार की संधि पूजा

सरगुजा राज परिवार द्वारा सोमवार को महाष्टमी के अवसर पर अपनी कुलदेवी मां महामाया की परंपरा के अनुसार संधि पूजा की गई। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री व सरगुजा महाराजा टीएस सिंहदेव ने पैलेस से मंदिर पहुंचकर पूजा की। इस दौरान परिवार के सदस्य आदितेश्वर शरण सिंहदेव भी मौजूद थे। महामाया में संधि पूजा के बाद समलाया मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद पैलेस में बैगाओं द्वारा यहां के आदिवासियों के रीति रिवाज के अनुसार पूजा कर पैलेस का द्वार खोला गया।

# कमरे में सो रहे युवक की हत्या,पत्नी की उदयपुर के जंगल में पेड़ पर लटकी मिली लाश



## रविवार रात की घटना,मृतक पत्नी व बेटे के साथ सोया था कमरे में,मासूम बेटे की स्थिति गंभीर

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** रविवार की रात मणिपुर चौकी अंतर्गत ग्राम थोर में घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने सो रहे युवक की हत्या कर दी। जबकि उसकी पत्नी की लाश घटना स्थल से उदयपुर थाना अंतर्गत जंगल में पेड़ पर टंगा मिली। वहीं डेढ़ वर्षीय मासूम बेटा बिस्तर में ही जख्मी अवस्था में पड़ा था।

जानकारी के अनुसार आशा राम यादव उम्र 40 वर्ष मणिपुर चौकी अंतर्गत ग्राम थोर का रहने वाला था। वह रामानुजगंज पाल्टेकनिक कॉलेज में प्यून के पद पर था। वह कुछ दिन पूर्व छुट्टी पर आया था। सोमवार को वापस ड्यूटी पर जाने वाला था। इससे पूर्व रविवार की रात को खाना पीना खा कर पत्नी उर्मिला राजवाड़े व डेढ़ वर्ष के बेटे आयुष के साथ कमरे में सोया था। दूसरे कमरे में आशा की मां अपने दो नाती 12 वर्षीय अजय व 18 वर्षीय खीरू के साथ सोई थी। भोर में अजय जब लघुशांक जाने के लिए कमरे का दरवाजा खोलने लगा तो दरवाजा बाहर से बंद था। अजय ने दरवाजा बंद होने की जानकारी नानी व मोसेरे भाई खीरू को दी। तीनों ने मिलकर किसी तरह दरवाजा खोले। शक होने पर आशा की मां उसके कमरे में जाकर देखी तो उसके होश उड़ गए। जमीन में बेटे का लाश खून से लथपथ पड़ा था। नाती आयुष जख्मी अवस्था में विस्तार पर था। बहु उर्मिला गायब थी। परिजन ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल आयुष को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना के बाद पुलिस के होश उड़ गए। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली की उदयपुर के मुटकी के जंगल में अर्धनग्न छोटे पेड़ से लटकी अज्ञात महिला लाश है। जांच में पता चला की उक्त महिला की लाश आशा की पत्नी उर्मिला की है।

### आशा से दूसरी शादी की थी उर्मिला

मृतिका उर्मिला का मायके जोगीबंध में है। इसकी पूर्व में लखनपुर क्षेत्र में शादी हुई थी। पर दोनों के बीच छूटा छुटी हो गया था। इसके बाद उर्मिला और आशा दोनों प्रेम विवाह कर साथ में रहा रहे थे। दोनों का डेढ़ वर्षीय बेटा आयुष है। जो जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। आशा दो भाई था। छोटा भाई संतोष सामूहिक रेप केस के मामले में जेल में है। दिनों भाई अलग रहते थे। संतोष की भी शादी लव मैरेज है। इसकी पत्नी अंबिकापुर में रहती है। पर थोर में इसका घर बंद है। घटना के बाद सरगुजा पुलिस में हड़कंप है। एसपी भावना गुप्ता खुद कमान संभाली हुई है। उन्होंने मणिपुर चौकी में घंटों बैठकर मामले की विवेचना कर रही है। वही एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला, एसपी अखिलेश कौशिक, घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई है।

# डांस प्रतियोगिता के लिए 7 ग्रूप ने बनाई फाइनल में अपनी जगह





-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** शहर में दुर्गा पूजा की धूम है। जगह-जगह नवरात्र के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत दर्रीपारा में अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को ग्रुप डांस का सेमी फाइनल राउंड का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में शहर के अलावा कोरबा, रायगढ़, बैकुंठपुर,मनेंद्रगढ़ एवं चर्चा से आए कलाकारों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों ने बेहतर प्रस्तुति दी। सेमी फाइनल राउंड में कुल 20 ग्रुप का चयन हुआ था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले 7 ग्रुप को फाइनल के लिए चयन किया गया है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चिन्नी बाबरा, जया मिंज, परमानंद तिवारी एवं विवेक मिश्रा रहे। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा कोरोना काल में बेहतर काम करने वाले व समाजसेवियों के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों को शॉल व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्ग्रम में संस्था अध्यक्ष प्रकाश साहु ने कहा कि बुजुर्ग समाज के पथप्रदर्शक हैं। बुजुर्गों का सम्मान करना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में आए मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.रमनेश मूर्ति एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह मौजूद रहे। संस्था द्वारा इन्हें भी स्वागत व सम्मानित किया गया।

# आईजी ने रेंज के पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश,कहा त्यौहार में किसी तरह की न हो कई अप्रिय घटना



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने त्यौहारों के सीजन को सौहार्दपूर्ण व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं। दुर्गा पूजा पंडाल वाले स्थानों व ईद-ए-मिलाद (उन-नबी) मनाये जाने वाले जगहों पर पुलिस बल की व्यवस्था, सतत निगरानी, नाकाबंदी व यातायात व्यवस्था आदि जैसे जगहों की मोनिटरिंग निरंतर करने हेतु हिदायत दिया गया। सरगुजा रेंज आईजी द्वारा संभाग के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है की वाहन चेकिंग के दौरान परिवार के साथ जाने वाले लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। साथ ही वाहन चालकों को भी हिदायत दिया है कि वाहनों में लाठी डंडा स्टिक हथियार चाकू लेकर नहीं चलें। शराब सेवन करके वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए हैं। साथ ही दुर्गा पंडालों व ईद-ए-मिलाद (उन-नबी) मनाये जाने वाले जगहों के आस पास शराब सेवन करके अशोभनीय हरकत करने वाले एवं विसर्जन स्थल पर नशे का सेवन करके जाने वालों के विरुद्ध भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि पूर्व में भी शराब के नशे में विसर्जन करने के दौरान डूबने जैसी कई अप्रिय दुर्घटनाएं हुई है। जिसे सुरक्षात्मक दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा सख्ती बरतने हेतु कठोर कदम उठाये जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# फसल सत्यापन करने अफसर पहुंच रहे खेत



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी किसानों द्वारा लगाए गए फसल की जांच करने खेतां तक पहुंच रहे हैं। किसान द्वारा रकबे में लगाए गए फसल की सत्यापन के पश्चात ऑनलाइन पोर्टल में प्रविष्टि की जाएगी जिसके आधार पर समर्थन मूल्य में धान खरीदी एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ किसानों को मिलेगा। सोमवार को अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव एवं उप संचालक कृषि श्री एमआर भगत मैदानी अमलो के साथ ग्राम करजी व कंठी में फसल का सत्यापन किया गया। यहां धान के बदले अन्य फसल के रूप में किसान के द्वारा सुगंधित धान जीराफूल की खेती की गई है। राज्य शासन के द्वारा किसानों को धान के बदले अन्य फसल व सुगंधित धान लगाने पर प्रति एकड़ 10 हजार रुपये कृषि आदान सहायता के रूप में दी जाएगी।

# ड्यूस बॉल क्रिकेट के लिए खिलाडियों का किया गया चयन



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** सरगुजा क्रिकेट संघ के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को गांधी स्टेडियम ग्राउंड में 16 वर्ष बालक ड्यूस बॉल क्रिकेट का चयन ट्रायल लिया गया। जिसमें लगभग 30 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। चयनित खिलाडियों में सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर के खिलाड़ी शामिल हैं। इस चयन ट्रायल से जो व खिलाड़ी वंचित रह गये हैं और जिनका जन्म 1 सितम्बर 2007 का है। वह अभी भी अपना ट्रायल कैम्प के दौरान दे सकते हैं। इन चयनित खिलाडियों का अभ्यास मैच कराया जाएगा। इसके बाद ही खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 16 सदस्य टीम का चयन किया जाएगा। जो की अक्टूबर एवं नवम्बर माह में होने वाले सीएससीएस के तत्वाधान में खेले जाने वाले अंतर जिला मैच में हिस्सा लेगे। चयन ट्रायल में सरगुजा जिला संघ के अध्यक्ष सोमेंद्र प्रताप सिंह, सचिव विनीत विशाल जायसवाल, शैलेश सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, कमल निकुंज, शौभिक दास गुप्ता, मुजाहिद खान एव आयुष सिंह का विशेष दिशा निर्देश एव योगदान रहा। चयनित खिलाडियों में युवराज नेताम, युगवीर सिंह, वेदान्त जायसवाल, नावेद गुप्ता, गौरव अग्रवाल, नमन सिंह, अजय यादव, स्पार्ष सिंह, अक्षत सिंह, आदर्श पांडेय, आयुष वर्मा, गोपाल अग्रवाल, आर्यन सिंह, साजिद अंसारी, रोहित यादव, सझम राज, सूर्य विजय सिंह, ओम्कारेश्वर सिंह, अमन सिंह, ऋषिकांत गर्ग, सिद्धार्थ सिंह, दीपक भारती, सूर्य गौरव, भविष्य धुर्वे, वैभव सिंह, प्रतीक त्रिपाठी

# सत्य और अहिंसा का मार्ग ही पूरे विश्व में ला सकती है शांति



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती को सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। प्रात 8 बजे स्वच्छता प्रकल्प द्वारा स्थानीय गौरी मंदिर पुलिस लाइन में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया तत्पश्चात 10.30 बजे किसान मोर्चा द्वारा किसान व जवान सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर किसान एवं जवानों को सम्मानित किया गया साथ ही खादी खरीदी को बढ़ावा देने हेतु खादी स्टॉल स्थानी घड़ी चौक में लगाया गया जिसका उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने फीता काटकर किया।प्रातः 11 भाजपा नगर मंडल द्वारा गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए महात्मा गांधी को याद किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का व्यक्तित्व हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक है उनके बताए हुए सत्य और अहिंसा का मार्ग हीं पूरे विश्व में शांति ला सकता है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता जिला उपाध्यक्ष प्रशांत शंकर त्रिपाठी अंबिकेश केसरी अरुणा सिंह मधुसूदन शुक्ला जन्मेजय मिश्रा विकास पांडे रूपेश दुबे सोमनाथ सिंह मनोज कंसारी आकाश गुप्ता सर्वेश तिवारी अनिल अग्रवाल अनुज एक्का, हरमिंदर टिन्नी अजय सिंह बबलू कमलेश तिवारी दुर्गा शंकर दास अनिल जयसवाल उमेश अग्रवाल शुभम अग्रवाल संदीप सोनी शैलेंद्र शर्मा विनोद दुबे प्रेमानंद तिग्गा, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आमिर सोहैल बने अम्बिकापुर विधानसभा अध्यक्ष




-संवाददाता-

**लखनपुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** हाल ही में सम्पन्न हुए युवा कॉंग्रेस की प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में छत्तीसगढ़ की सबसे हाई प्रोफ़ाइल एवं बहुचर्चित विधानसभा अम्बिकापुर से अध्यक्ष पद पर लखनपुर के युवा नेता आमिर सोहैल ने भारी मतों से जीत दर्ज किया।जैसा कि विदित है कि आमिर सोहैल दानिश रफ़ीक के पैनल के उम्मीदवार थे और उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी पैलेस गुट के अवधेश विश्वकर्मा को 3769 वोटों के भारी अंतर से मात दी जो कि पूरे सरगुज़ा संभाग में सबसे बड़ी जीत है।आमिर सोहैल को 7614 वोट मिले तो वहीं अवधेश विश्वकर्मा को 3845 मत मिले।आमिर सोहैल ग्रामीण इलाक़े से अम्बिकापुर विधानसभा अध्यक्ष बनने वाले वाले युवा कॉंग्रेस के चुनाव के इतिहास के पहले युवा नेता हैं।इस चुनाव में सभी प्रत्याशियों की टीम ने पूरे विधानसभा के शहर और गाँव में जा जा कर अपने पक्ष में मतदान कराने का पूरा ज़ोर लगाया गया था।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु आवेदन आमंत्रित

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** एकीकृत बाल विकास के परियोजना अधिकारी ने बताया है कि आंगनबाड़ी केन्द्र सत्तीपारा वार्ड, बाल गंगाधर तिलक वार्ड एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा रफी अहमद किदवई वार्ड में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त है। आंगनबाड़ी कार्यकता एवं सहायिका के लिए 6 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2022 तक बाल विकास परियोजना कार्यालय अम्बिकापुर शहरी में आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके लिए आवेदकों की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। संबंधित आवेदिका को उसी वार्ड का निवासी होना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वीं बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण तथा आंगनबाड़ी सहायिका हेतु 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# धान खरीदी हेतु केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने के लिए नोडल अधिकारियों को किया गया नियुक्त

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर कुंदन कुमार के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का उपार्जन केन्द्रों में धान उपार्जन, बारदाने सुनिश्चित करने, सही गुणवत्ता तथा वास्तविक किसानों से धान की खरीदी तथा खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन चेक लिस्ट के अनुसार करने हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जारी आदेशानुसार धान खरीदी केन्द्र दरिमा एवं करजी हेतु खाद्य सहायक अधिकारी रोशन लाल गुप्ता, सुखरी हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी श्रीमती इमिलिया केरकेट्टा, मेंड्राकला हेतु खाद्य सहायक अधिकारी जे.आर. भगत, रामपुर हेतु सहकारिता निरीक्षक नितेश कश्यप, परसा हेतु वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक अर्जुन राम, नमनाकला हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी कु0 माया भारती, कुंदीकला हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी लालसाय बखला, कर्रा हेतु कृषि विकास अधिकारी मिथलेश पैकरा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।इसी प्रकार लखनपुर एवं अमेरा हेतु खाद्य निरीक्षक शैलेन्द्र एक्का, खम्हरिया हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी श्री भानुप्रताप गढ़ेवाल, जमगला हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी गोपीचंद धृतलहरे, कुन्नी हेतु कृषि विकास अधिकारी खेमराज, पुहपुटरा हेतु



ग्राम कृषि विकास अधिकारी रामपाल पैंकरा, चांदो हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी प्रेमा बेक, अमलभिट्ठी हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी देवेन्द्र कुमारी, उदयपुर एवं डांडगांव हेतु खाद्य निरीक्षक, सलका हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी श्री नारायण सिंह पैंकरा, धौरपुर एवं बटवाही हेतु खाद्य निरीक्षक नवीन सिंह, बरगीडीह हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी मनीजर राम सिंह नेताम, ससौली हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी प्रफुल्ला बड़ा, डूमरडीह हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी मंगलसाय एक्का, सहनपुर हेतु सहकारिता निरीक्षक एचएस यादव, बटईकेला एवं सेदम हेतु खाद्य निरीक्षक राजन कश्यप, बतौली हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी जशवंत सिंह, खड़धोवा हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी बुधसाय एक्का, नर्मदापुर एवं वंदना हेतु खाद्य निरीक्षक देवेश देवदास, राजापुर हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पैकरा, कमलेश्वरपुर हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी संजय यादव, गेरसा हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी अरूण कुमार एक्का, सीतापुर हेतु खाद्य निरीक्षक गौर सिंह जात्रे, भूसू हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी ग्राम कृषि विकास अधिकारी लमेश्वर सिंह जगते, प्रतापगढ़ एवं पेटला सहकारिता विस्तार अधिकारी एस केरकेट्टा, केरजू हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी श्री रामेश्वर साय पैकरा, खैरबार हेतु खाद्य निरीक्षक श्रीमती श्वेतारानी कुजूर, केदमा हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी आनंद कुमार बैक, निम्हा हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी सजंय प्रधान, सखौली हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी बच्चन सिंह दनौरिया, नवानगर रकेली हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी विजय गुप्ता एवं खड़गांव हेतु ग्राम कृषि विकास अधिकारी सुबती एक्का को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

CMYK

# मारुति सुजुकी का उत्पादन में आया उछाल, सितंबर में दोगुना से अधिक हुआ उत्पादन




**नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का सितंबर, 2022 में वाहन उत्पादन दोगुना से अधिक होकर 1,77,468 इकाई पर पहुंच गया। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मारुति ने सितंबर, 2021 में कुल 81,278 इकाइयों का उत्पादन किया था। एमएसआई ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि पिछले माह में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कमी का वाहनों के उत्पादन पर मामूली प्रभाव पड़ा।

कंपनी ने इस प्रभाव को कम करने के लिए हरसंभव उपाय किये। मारुति ने कहा कि हालांकि सितंबर, 2021 में इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी से उत्पादन की मात्रा प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई थी। पिछले महीने कुल यात्री वाहनों का उत्पादन 1,73,929 इकाई रहा। एक साल पहले की समान अवधि में यह 77,782 इकाई रहा था।

यात्री कारों का उत्पादन भी पिछले महीने बढ़कर 1,31,258 इकाई हो गया। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों का उत्पादन 29,811 इकाई रहा। सितंबर, 2021 में यह 21,873 इकाई था। इस अवधि के दौरान हल्के वाणिज्यिक वाहनों सुपर कैरी का उत्पादन मामूली बढ़कर 3,539 इकाई रहा।

# रीयल इस्टेट में बढ़ रही है पारदर्शिताः अजोय मेहता

**» एमसीएचआई यूथ के द बिग लीप सेमिनार में बोले रेरा चीफ**




**मुंबई,03 अक्टूबर 2022।** क्रेडाई एमसीएचआई-यूथ नवी मुंबई-रायगड़ की ओर से द बिग लीप सेमीनार का आयोजन किया गया, जहां महारेरा के चेयरमैन अजोय मेहता और रिटायर्ड आईएएस राधेश्याम मोपलवार समेत रियल इस्टेट क्षेत्र के कई एक्सपर्ट ने मार्गदर्शन किया। पैनल परिचर्चा के दौरान रियल इस्टेट से जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर मंथन किया गया। क्रेडाई-एमसीएचआई यूथ नवी मुंबई के अध्यक्ष इजरैल शेख और टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्रेडाई नेशनल के राजेश प्रजापति, नवी मुंबई अध्यक्ष विजय लखानी, रायगड़ के अध्यक्ष मधुशेठ पाटिल, महाराष्ट्रीय बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पाटिल, क्रेडाई एमसीएचआई के सेक्रेटरी धवल अजमेरा एवं नालेज पार्टनर कोलायर्स इंडिया के प्रतिनिधि, बिल्डर्स और चैनल पार्टनर्स बड़ी संख्या में मौजूद थे।

द बिग लीप सेमीनार के मुख्य अतिथि और महारेरा के चेयरमैन अजय मेहता ने दावा किया कि रेरा के कारण रियल इस्टेट में पारदर्शिता बढ़ रही है। बिल्डर्स और होम बॉयर्स की जिम्मेदारियां तय होने से लिटिगेशन बढ़े हैं,हालांकि उनका तेजी से समाधान हो रहा है, उन्होंने कहा कि महारेरा का मकसद महाराष्ट्र में रियल इस्टेट क्षेत्र को एक बेहतरीन और सक्षम रेगुलेटर प्रदान करना है, जो ग्राहक और विकासकों के लिए उपयोगी हो।

वहीं वरिष्ठ आईएएस राधेश्याम मोपलवार ने कहा कि एमएमआर रीजन में खासकर नवी मुंबई में विकास की अपार संभावनाएं हैं। समृद्धि महामार्ग, जेएनपीटी, और इन्टरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही समेकित इन्डस्ट्रियल विकास के कारण रियल इस्टेट क्षेत्र में डिमांड बढने वाली है, उन्होंने क्रेडाई एमसीएचआई यूथ के द बिग लीप सेमीनार को बिल्डर्स और चैनल पार्टनर्स के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स 638 अंक टूटा,निफ्टी 17,000 अंक से नीचे फिसला

**मुंबई, 03 अक्टूबर 2022।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक से अधिक का गोता लगाकर बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 638.11 अंक



यानी 1.11 प्रतिशत टूटकर 56,788.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 743.52 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 207 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,887.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, डॉ. रेड्डीज, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और विप्रो लाभ में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। यूरोप में ऊर्जा की भारी किल्लत को लेकर चेतावनी के बीच तेल के दाम में तीन डॉलर प्रति बैरल से अधिक की वृद्धि के साथ शेयर बाजार में गिरावट आई।

अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 3.90 प्रतिशत उछलकर 88.46 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,565.31 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजार से सितंबर महीने में 7,600 करोड़ रुपये निकाले हैं।

# फॉस्फोरिक एसिड को 40 प्रतिशत कम भाव पर खरीदने की तैयारी में उर्वरक कंपनियां

**नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** उर्वरक कंपनियां फॉस्फोरिक एसिड को 1,000-1,050 डॉलर प्रति टन के भाव पर आयात करने की योजना बना रही हैं। सितंबर तिमाही में वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं की तरफ से तय कीमत के मुकाबले यह भाव करीब 40 प्रतिशत कम है। फॉस्फोरिक एसिड का इस्तेमाल डीएपी और अन्य एनपीके उर्वरकों के उत्पादन में एक अहम कच्चे माल के तौर पर किया जाता है।



सूत्रों के मुताबिक, पिछली तिमाही के अंत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में फॉस्फोरिक एसिड का भाव 1,715 डॉलर प्रति टन था। लेकिन सितंबर तिमाही में डीएपी उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तीव्र गिरावट आई जिसके बाद फॉस्फोरिक एसिड के भाव में भी कमी आने की उम्मीद की जा रही है। फॉस्फोरिक एसिड की अंतरराष्ट्रीय कीमतों का निर्धारण तिमाही आधार पर किया जाता है। इसके प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में ओसीपी मोरक्को, जेपीएमसी जॉर्डन और सेनेगल शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि एक उर्वरक कंपनी ने सेनेगल से फॉस्फोरिक एसिड की एक खेप 1,200 डॉलर प्रति टन के भाव पर खरीदी है लेकिन यह भाव अब भी ज्यादा है। देश की अग्रणी उर्वरक कंपनियां अगली तिमाही में इसकी खरीद 1,000-1,050 डॉलर प्रति टन के भाव पर करने की योजना बना रही हैं।

उर्वरक मंत्रालय का भी मानना है कि इस तिमाही में फॉस्फोरिक एसिड का भाव 1,100 डॉलर प्रति टन से कम होना चाहिए। पिछले हफ्ते मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने सालाना 30,000 टन फॉस्फोरिक एसिड आयात करने के लिए दुबई स्थित एग्रीफील्ड्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस फॉस्फोरिक एसिड की मदद से करीब 1.67 लाख टन एनपीके उर्वरकों का उत्पादन किया जा सकता है। इस एमओयू की अवधि तीन साल की है।

भारतीय किसानों के लिए डीएपी एवं एनपीके उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एमओयू दस्तावेज सौंपे जाने के मौके पर उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि उर्वरक से संबंधित खनिजों एवं कच्चे माल के आयात पर अत्यधिक निर्भरता को देखते हुए सरकार वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के साथ इस तरह के समझौते कर रही है। सरकार यूरिया और 25 श्रेणियों के पीएंडके उर्वरकों को किसानों को सब्सिडी पर मुहैया कराती है।



# सड़क परियोजनाओं के लिए बाजार से 2,500 करोड़ रुपये जुटाएगी सरकार

**नयी दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** सरकार तीन सड़क परियोजनाओं के लिए करीब 2,500 करोड़ रुपये का वित्त जुटाने के लिए इस महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह राशि अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिये जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल तीन सड़क परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा।

इनविट्स के जरिये निवेशक ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं में लगने वाले ट्रस्ट में भागीदारी करते हैं। इनविट्स ऐसी ढांचागत परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं जिनमें लंबे समय तक नकदी प्रवाह बना रहेगा। पिछले साल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तरफ से लाए गए पहले इनविट ने 5,000 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी जुटाई थी।

# लंबे समय से बना हुआ है पीठ में दर्द,कहीं यह कैंसर का संकेत तो नहीं ?

कैंसर, वैश्विक स्तर पर सबसे गंभीर और जानलेवा बीमारियों में से एक है। हर साल लाखों लोगों की इसके कारण मौत हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कैंसर से होने वाली मौत के लिए समय पर स्थिति का निदान और इलाज न हो पाने को प्रमुख कारण के तौर पर जाना जाता है। ज्यादातर लोग इसके लक्षणों को समय रहते समझ नहीं पाते हैं जिसके कारण कैंसर का पता ही आखिर के चरणों में चल पाता है, जिससे इलाज और रोगी के बचने की संभावना जटिल और कम हो जाती है।

क्या आप जानते हैं कि अक्सर पीठ में बने रहने वाली दर्द की स्थिति भी कैंसर का संकेत हो सकती है जिसपर समय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

डॉक्टर्स कहते हैं, वैसे तो मांसपेशियों की समस्याओं, गलत मुद्रा में बैठने और चोट लगने के कारण पीठ में दर्द होना सामान्य है। हालांकि अध्ययनों में पाया गया है कि कुछ प्रकार के कैंसर की स्थिति में इसके लक्षण के तौर पर भी पीठ में दर्द की समस्या बनी रह सकती है। अक्सर हम सभी अपने पीठ दर्द को नजरअंदाज कर देते हैं,जबकि अगर समय रहते इसके सही कारण का पता चल जाए तो कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं के खतरे से बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कि पीठ दर्द और कैंसर का क्या लिंक है और किस स्थिति में लोगों को विशेष सर्तक हो जाने की आवश्यकता होती है?

**कैंसर में पीठ दर्द की समस्या**

कैंसर के कारणों को जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि कुछ प्रकार के कैंसर कारक ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी या इसके आसपास विकसित हो सकते हैं, इससे कैंसर होने का खतरा रहता है। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सर्जन (एएएनएस) के शोधकर्ता बताते हैं, कैंसर से पीड़ित 30 से 70 प्रतिशत लोगों का कैंसर रीढ़ तक फैल जाता है, जिसके कारण पीठ में दर्द होने काफी सामान्य संकेत है।



फेफड़े और स्तन कैंसर के मामलों में इस तरह की समस्या होने का खतरा अधिक होता है, ऐसे में यदि आपको भी लंबे समय से पीठ में दर्द की समस्या बनी हुई है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लें। आइए जानते हैं कि किस प्रकार के कैंसर में पीठ में दर्द की दिक्कत हो सकती है?

**फेफड़ों के कैंसर का संकेत**

एएएनएस की रिपोर्ट से पता चलता है कि फेफड़े का कैंसर सबसे आम कैंसर में से एक है जिसके रीढ़ तक फैलने का खतरा अधिक होता है है। फेफड़े का ट्यूमर रीढ़ की हड्डी पर दबाव डाल सकता है, जिससे पीठ के निचले हिस्से में तंत्रिका संचरण प्रभावित हो जाता है। इस प्रकार की जटिलताओं के कारण पीठ के निचले हिस्से में दर्द के अलावा थकान, सांस लेने में तकलीफ और खांसी के साथ खून जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। पीठ में दर्द के साथ अगर आपको इस तरह की समस्या बनी हुई है तो तुरंत किसी विशेष से सलाह ले लें।

**गैस्ट्रोइंटस्टाइनल ट्रैक्ट में कैंसर**

गैस्ट्रोइंटस्टाइनल ट्रैक्ट जैसे पेट, कोलन और मलाशय के कैंसर में भी रोगियों ने पीठ के निचले हिस्से में दर्द की समस्या के बारे में शिकायत की है। यह दर्द कैंसर वाली जगह से पीठ के निचले हिस्से तक फैलता है। इस प्रकार के कैंसर वाले रोगियों को अचानक वजन कम होना या मल से खून आने की समस्या भी बनी रहती है। पेट से संबंधित इस प्रकार के कैंसर का खतरा काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है, समय रहते इन लक्षणों पर ध्यान देकर गंभीर स्थतियों से बचाव किया जा सकता है।

**स्तन कैंसर का खतरा**

स्तन कैंसर के कुछ मामलों में भी रोगियों ने पीठ में दर्द की समस्या के बारे में जानकारी दी। फेफड़ों के कैंसर की तरह, कुछ प्रकार के स्तन कैंसर में भी ट्यूमर उन नसों पर दबाव डाल सकते हैं जो रीढ़ तक जाती हैं, इससे दर्द होने का खतरा रहता है।

डॉक्टर्स कहते हैं इस तरह के संकेतों पर अगर प्रारंभ में ही ध्यान देकर स्थिति का सही निदान कर लिया जाए तो कैंसर के बढ़ने के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। स्तन कैंसर के अलावा रीढ़ की हड्डी या इसके आसपास ट्यूमर या कैंसर कारक कोशिकाओं में वृद्धि के कारण भी पीठ दर्द हो सकता है, हालांकि यह स्थिति काफी दुर्लभ मानी जाती है। पीठ दर्द पर हमेशा गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता होती है।

# कंप्यूटर या मोबाइल देखने से आंखों में होता है दर्द तो अपनाएं यह घरेलू नुस्खे



आंखें हमारे शरीर के सबसे नाजुक और सेंसिटिव हिस्सों में आती है, इस बात को तो आप सभी मानते ही होंगे। आँखों में थोड़ी सी चूक भी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। वहीं कई बार इंफेक्शन और आंख में चोट लगने से आंखों में दर्द हो जाता है हालाँकि कुछ उपाय करने के बाद वह ठीक हो जाता है। हालाँकि आजकल कंप्यूटर, टीवी और खासकर मोबाइल फोन के कारण स्क्रीन टाइम बढ़ने से आंखों में हर समय दर्द और जलन की समस्या से अधिकतर लोग परेशान हैं, जिसमें लगभग हर उम्र के व्यक्ति शामिल है। वहीं कभी-कभी आंखों का दर्द इतना बढ़ जाता है कि सहना मुश्किल हो जाता है। हालाँकि कुछ घरेलू उपचार आपको राहत दिला सकते हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**आंखों में दर्द होने के कारण :**

* आंखों में इन्फेक्शन
* बिना चश्मा लगाए तेज धूप में ज्यादा वक्त बिताना
* आंखों में खुजली और तेज मलने के कारण
* गलत चश्मा लगाना
* ज्यादा देर कॉन्टेक्ट लेंसेस लगाना
* वायरल इंफेक्शन जैसे सर्दी जुकाम
* डिहाइड्रेशन
* ज्यादा वक्त स्क्रीन के सामने रहना

**आंखों में दर्द के घरेलू उपचार :**

खीरा-जी दरअसल खीरा हमारे शरीर पर ठंडा प्रभाव डालता है। आंखों के ऊपर भी खीरा लगा सकते हैं। जी दरअसल यह आंखों को आराम प्रदान करता है और आंखों में किसी भी तरह की जलन और दर्द को कम करने में मदद करता है।

एलोवेरा जेल-एलोवेरा जेल का उपयोग आंखों को आराम देने के लिए कर सकते हैं। जी दरअसल एलोवेरा के अर्क से युक्त आई ड्रॉप आंखों में सूजन का इलाज करने में मदद कर सकता है। एलवोरा आंखों का रूखापन, दर्द और जलन को कम करने में काफी फायदेमंद है।

कैस्टर ऑयल-कैस्टर ऑयल कई आई ड्रॉप में इस्तेमाल किया जाता है। जी दरअसल यह आंखों के दर्द को आराम देता है और आंखों की जलन को कम करता है।

सेब का सिरका-यह आंखों में इन्फेक्शन की वजह से होने वाले दर्द को कम करता है। जी दरअसल इसमें जीवाणुरोधी गुण होते हैं। यह संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ता है। आप सेब के सिरके को पानी में मिलाकर कॉटन से आंखों की सिकाई करें।

# आत्मविश्वास बढ़ाने में मददगार है योग का अभ्यास, इन योगासनों के रोजाना अभ्यास से पा सकते हैं लाभ

किसी भी कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिए आत्मविश्वास का मजबूत रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। आत्मविश्वास आपको काम को करने की प्रेरणा देने के साथ मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। परीक्षा हो या ऑफिस का काम, बेहतर आत्मविश्वास आपकी गुणवत्ता को बढ़ाने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने में विशेष सहायक है। हालांकि कुछ प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं इस दिशा में आपके लिए समस्याकारक हो सकती हैं। योग विशेषज्ञ बताते हैं दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहने में विशेष लाभ मिल सकता है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आत्मविश्वास हमें जीवन के अनुभवों के लिए बेहतर तरीके से तैयार महसूस करने में मदद करता है। जब हम किसी चीज को लेकर आश्वस्त होते हैं, तो स्वाभाविक तौर पर उसके प्रति हमारी कार्य गुणवत्ता बढ़ती है। योग विशेषज्ञों का मानना है कि बचपन से ही दिनचर्या में योगासनों को शामिल करने की आदत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करने के साथ आपको जीवन में बेहतर तरीके से आगे बढ़ने में मदद करती है।

**पर्वतासन योग से होने वाले लाभ**

पर्वतासन योग के नियमित अभ्यास को शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए लाभकारी माना जाता है। यह योग मुद्रा आपको अपनी भावनाओं, विचारों और शरीर की संवेदनाओं के बारे में जागरूक करने में मदद करती है। सांस और शरीर के संतुलन पर ध्यान केंद्रित करने वाले इस योगासन के नियमित अभ्यास की आदत शरीर को विशेष लाभ दे सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है आत्मविश्वास को बढ़ाकर शारीरिक शक्ति और विकास को बेहतर करने के लिए इस योग को करना आपको विशेष लाभ दे सकता है।

**प्राणायाम से मिलता है विशेष लाभ**

प्राणायाम के विभिन्न आसनों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष प्रभावशाली माना जाता है। मन को शांत रखने और सकारात्मक विचारों के संचार होने से आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे आपकी कार्य गुणवत्ता में विशेष सुधार आता है। शोधकर्ता बताते हैं, नाडी शोधन प्राणायाम के रोजाना कुछ मिनटों के अभ्यास से आपके दिमाग को तनावमुक्त करने, तनाव और चिंता को दूर करने और आत्मविश्वास को बढ़ाने में काफी फायदा हो सकता है।

**वृक्षासन योग से होने वाले फायदे**

वृक्षासन योग जिसे ट्री पोज के रूप में भी जाना जाता है, यह योगासन शरीर और मन दोनों को सेहतमंद रखने का सबसे कारगर तरीका हो सकता है। रक्त संचार को बढ़ाने में सहायक माने जाने वाले इस अभ्यास की आदत बनाने से अंग स्वस्थ रहते हैं। इस योग के अभ्यास के दौरान शरीर को विशेष एकाग्रता और समन्वय की आवश्यकता होती है, वृक्षासन योग करना आपको इस दिशा में लाभ प्रदान करता है। रोजाना इस अभ्यास की आदत बनाकर शरीर-मन को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।

# कोरिया कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ का हुआ तबादला



» कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत हटाये गए।
» कर्मचारियों से दुर्व्यवहार की शिकायतों के बाद सीईओ जिला पंचायत कोरिया की हुई छुट्टीःसूत्र।
» विनय कुमार लंगेह होंगे कोरिया के नए कलेक्टर, नम्रता जैन को जिला पंचायत कोरिया की जिम्मेदारी।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

राज्य शासन ने कई जिलों के कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है जिसमे कोरिया कलेक्टर का भी नाम शामिल है और उन्हें बालोद जिले का कलेक्टर बनाया गया है।
कोरिया कलेक्टर को जिले का ही प्रभार मिलेगा यह तब तय हो गया था जब मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में जिले के प्रवास पर कोरिया पहुंचे मुख्यमंत्री ने उनकी तारीफ की थी और उनकी सराहना की थी। कोरिया कलेक्टर कुलदीप शर्मा कोरिया जिले में अल्प समय के लिए कलेक्टर रह सके और उन्हें अन्य जिले बालोद का कलेक्टर बनाया गया है। कोरिया कलेक्टर की पदस्थापना कलेक्टर के तौर पर बालोद जिले में किये जाने को उनको मिले प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरफ से पुरुस्कार के तौर पर देखा जा रहा है और यही अनुमान भी लगाया जा रहा है।
जिला पंचायत सीईओ कोरिया कुणाल दुदावत भेजे गए बिलासपुर, होंगे बिलासपुर के निगम कमिश्नर- कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुणाल दुदावत का भी तबादला किया गया है और अब वह बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर की जिम्मेदारी सम्हालेंगें। कोरिया जिला पंचायत सीईओ को बिलासपुर निगम कमिश्नर बनाये जाने को लेकर यह माना जा रहा कि कोरिया जिला प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री के समक्ष पंचायत विभाग के कर्मचारियों की शिकायत पहुंची थी जो उनके गलत व्यवहार को लेकर थी और इसलिए उनकी छुट्टी की गई और उन्हें केवल शहर के कमिश्नर के पद पर पदस्थापना दे दी गई है और यह एक तरह से उनकी पदोन्नति नहीं कही जा सकती।

### विनय कुमार लंगेह होंगे कोरिया कलेक्टर

कोरिया जिले के नए कलेक्टर के रूप ने वर्तमान में जिला पंचायत सरगुजा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की पदस्थापना की गई है। 2016 बैच के आईएएस विनय कुमार लंगेह अब कोरिया जिले की कमान सम्हालेंगें।
नम्रता जैन होंगी जिला पंचायत कोरिया की मुख्य कार्यपालन अधिकारी- कोरिया जिले की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन होंगी और वह 2016 बैच की ही आईएएस हैं। नम्रता जैन वर्तमान में महासमुंद जिले के सरायपाली अनुविभाग की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की जिम्मेदारी निभा रहीं थीं और उन्हें अब कोरिया के जिला पंचायत की जिम्मेदारी मिली है।

# अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल गिरोह का भंडाफोड़

» 13 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।
» अम्बिकापुर,सूरजपुर और कोरिया की चोरी हुई बाइक बरामद की गई।
» कोरिया पुलिस की कामयाबी,चोरी के 13 मोटर सायकिल के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 आरोपी पकड़ाए।
» 6 खरीदने वाले भी फंसे,भाजपा नेता की चोरी हुई बाइक भी मिली।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

कोरिया पुलिस ने काफी समय से शहर व आस-पास हो रही बाइक चोरियों की गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ते हुए इसके 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तो वहीं चोरी की बाइक खरीदने के आरोप में 6 और लोगो लो भी गिरफ्तार किया गया है। भाजपा नेता पंकज गुप्ता की चोरी हुई बाइक भी पुलिस ने बरामद कर ली है।
इस पूरे मामले पर पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल ने बताया कि थाना बैकुण्ठपुर को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि पटना क्षेत्र के दो व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल बेचने के फिराक में बैकुण्ठपुर के राम मंदिर के पास ग्राहक की तलाश कर रहे है। मुखबीर की बताई जगह पर संदेही व्यक्तियों को घेरा बबंदी कर एक मोटर सायकल समेत पकड़ा गया पुछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अभिषेक कृशवाहा पिता सुग्रीव प्रसाद उम्र 21 साल, अमहर पटना और अनुराग भगत पिता लक्ष्मण भगत उम्र 24 साल पटना बताया तथा ये दोनो व उसका साथी राजेश कुर्रे अनिल कुर्रे, मुवनेश्वर कुर्रे पांचों मिलकर सूरजपुर क्षेत्र से उक्त मोटर सायकल को चोरी कर बेचने आना बताये। दोनो संदेहियों को हिरासत में लेकर राकेश कुर्रे और अनिल कुर्रे नुवनेश्वर को उनके निवास से हिरासत में लिये। सभी से कड़ाई से पुछताछ करने पर अबिकापुर, सूरजपुर कोरबी देवनगर श्रीनगर, बैकुण्ठपुर कुडेली से कई मोटर सायकल चोरी करना बताये, इनकी निशानदेही पर कुल 13 मोटर सायकल बरामद किया गया। जिनमे से 07 नग मोटर सायकल बेच दिये थे तथा 06 नग मोटर सायकल इनके कब्जे में था। चोरी का मोटर सायकल खरीदने वालो के कब्जे से मोटर सायकल बरामद कर उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। उक्त सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरी. के. एस पैकरा, आरक्षक इलियास कुजूर, रामायण सिंह, मानु प्रताप, विमल जायसवाल, दिनेश उईके, प्रदीप, श्याम, कन्हैया लाल राजवाडे, नारायण नायक की महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### बाइक चोरी के पकड़े गए आरोपी

अनिल रवि उर्फ पड़ा बा0 पन्ना लाल उम्र 19 साल साकिन मदनेश्वरपुर खुदमपारा, भुवनेश्वर रवि उर्फ मोनू आ0 लखना राम उम्र 19 साल साकिन मदनेश्वरपुर खुटनपास, राजेश कुर्र आठ ओमप्रकाश उम्र 19 साल सा0 अमहर थाना पटना, अनुराग भगत आ. लक्ष्मण भगत उम्र 24 साल सा0 पटना, अभिषेक कुशवाहा आ0 सुग्रीव प्रसाद उम्र 21 साल सा0 अमहर पटना।

### चोरी की मोटर सायकल खरीदने वाले आरोपी

राकेश सूर्यवंशी आठ रामनारायण उम्र 29 साल सा0 बईरडाड बचरा पोडी, मुनेश्वर कुर्रे आ0 बोधन कुर्रे उम्र 48 साल सा. छुरी थाना खडगंवा, भैया लाल आ. मंगल साथ उम्र 40 साल सा00 हनुमानगढ़ थाना रामानुजगंज, वंशीलाल आ0 अहिबरन कुर्रे उम्र 30 साल सा0 तनेरा थाना पसान, अशोक कुमार उम्र बबला आ0 हरि लाल उम्र 40 साल सा0 बईरडाडा बचरापोडी, रघुनाथ कुर्रे आ0 बिहारी लाल उम्र 40 साल सा0 बईरडाड थाना खडगवा

### बरामद 13 बाइक

बरामद किए गए 13 बाइकों में सबसे ज्यादा हीरो कंपनी के एचएफ डीलक्स की बाइक चोरी की हुई थी, 13 चोरी हुई बाइकों में 7 एचएफ डीलक्स की बाइक, एक हौंडा कि साइन, एक बजाज की सिटी हड्रेड, एक हीरो का स्प्लेंडर, एक रॉयल एनफील्ड की बुलेट व एक सुजकी कंपनी की बाइक चोरों द्वारा चोरी की गई थी।

# युवा कांग्रेस चुनाव में पटना का रहा दबदबा, पटना से दो उपाध्यक्ष व एक महामंत्री हुए निर्वाचित

» सुजीत बने कोरिया जिला युवक कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष,वर्तमान में सम्हाल रहे थे विधानसभा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी।
» सुजीत सोनी के जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस कोरिया बनने पर पटना क्षेत्र के युवक कांग्रेस सदस्यों में खुशी की लहर।

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

कोरिया जिला युवक कांग्रेस के विभिन्न पदों के लिए संपन्न हुए चुनाव में पटना क्षेत्र के निवासी वर्तमान में युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्हाल रहे सुजीत सोनी जिले के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचीत हुए हैं। सुजीत सोनी ने चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 600 से ज्यादा मत प्राप्त किये और वह जिला उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो सके। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव के नतीजे आने के बाद पटना से दो उपाध्यक्ष व एक महामंत्री निर्वाचित हुए युवा कांग्रेस में पटना क्षेत्र का दबदबा देखने को मिला। निर्वाचित पदाधिकारियों में से तीन पदाधिकारी पटना 84 से आते हैं जिसमें सुजीत सोनी, इन्शु खान को जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया तो वही नागेश्वर यादव महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए।



सुजीत सोनी ने चुनाव में काफी मेहनत की थी और अपने पक्ष में मतदान के लिए उन्होंने ने युवाओं से लगातार अपील की थी और परिणामस्वरूप वह उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो सके। सुजीत सोनी के विधानसभा उपध्यक्ष निर्वाचित होने से पटना क्षेत्र के युवक कांग्रेस सदस्यों ने खुशी की लहर व्याप्त है वहीं पटना क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजन भी सुजीत सोनी के उपाध्यक्ष बनने पर सुजीत सोनी को बधाई दिए हैं। सुजीत सोनी ने अपनी जीत युवाओं को समर्पित की है वहीं उन्होंने जिला उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, जनपद सदस्य बिहारी लाल राजवाड़े, जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह व आदिम जाती सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह सहित सभी सहयोगियों के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। सुजीत सोनी ने उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने उपरांत कहा कि वह पार्टी की रीति नीति को आगे रखकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करते रहेंगे वहीं युवाओं को पार्टी में जोड़ने का काम वह करेंगे। सुजीत सोनी ने यह भी कहा कि कांग्रेस में निर्वाचन प्रक्रिया का पालन कर पद प्राप्त करने उपरांत वह युवाओं से यह कहना चाहेंगे कि कांग्रेस में ही केवल लोकतंत्र जीवित है और कोई भी निर्वाचन प्रकिया में भाग लेकर पद प्राप्त कर सकता है और संगठन में काम कर सकता है।

# कुसमी में भक्तिभाव के साथ शरदीय नवरात्र के अवसर पर माँ की हो रही आराधना

-उपेश सिन्हा-
कुसमी 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

नगर की विभिन्न जगहों में शरदीय नवरात्र के अवसर पर माँ दुर्गा माँ लक्ष्मी माँ सरस्वती गणेशजी और कार्तिक जी की प्रतिमाओं की स्थापना कर भक्त गण भक्ति भाव के साथ पुजा अर्चना कर रहे है ,माँ दुर्गा सेवा समिति दुर्गा चौक में माता की भक्ति के साथ भंडारे प्रसाद का भी वितरण किया जा रहा है हर शाम,वही नीचे कुसमी के पहाड़ में माँ दुर्गा के पंडाल में भी भक्त पुजा अर्चना के साथ भंडारे प्रसाद का भी वितरण हर शाम कर रहे है और सामरी रोड कंजिया में माँ शीतला के मंदिर में भी माता के भक्त विधिवत पुजा अर्चना कर रहे है अभी के समय कुसमी में भक्ति भाव मे लोग डूबे हुये है हर शाम माता की आरती में काफी संख्या में भक्त गण शामिल होते है,वही कुसमी दुर्गा चौक में समिति के द्वारा डांस कुसमी डांस जिसमे छोटे बड़े बच्चों के लिये डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को नगद रुपये के साथ कई तरह के पुरुस्कार का वितरण भी समिति के द्वारा किया जायेगा।डांस कुसमी डांस प्रतियोगिता को देखने के लिये काफी संख्या में दर्शक भी आ रहे है।



# श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रनई द्वारा वृद्ध जनों का किया गया सम्मान

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत रनई ग्राम पंचायत में परंपरा को निभाने का चलन काफी पुराना है। जो आज तक उदाहरण व मिसाल प्रस्तुत कर चुकी है। चाहे वह आजादी से लेकर आज तक ग्राम पंचायत का निर्विरोध चुनाव होने को लेकर या फिर वहां की दुर्गा पूजा समिति द्वारा हर साल वृद्ध जनों एवं अन्य वर्गों का सम्मान करने कि बात क्यों ना हो। ग्राम पंचायत रनई में आज भी जमीदारी देखने को मिलती है, इस जमींदारी के अंतर्गत गांव में हर तरह कि सुख सुविधा से लेकर सुख दुख में रनई जमीदार परिवार लोगों के लिए खड़े रहते हैं। यही कारण है कि ग्राम पंचायत एवं आसपास के लोग भी जमीदार परिवार को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रनई द्वारा बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक के मुख्य आतिथ्य में सैकड़ों वृद्ध जनों का सम्मान किया गया जो सराहनीय एवं अनुकरणीय है।
सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान बैकुंठपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक एवं संसदीय सचिव श्रीमती अंबिका सिंहदेव एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के कोरिया जिला अध्यक्ष नजीर के साथ प्रतिनिधि प्रदीप गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जयसवाल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटना अध्यक्ष विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, विधायक प्रतिनिधि रामकृष्ण साहू, नगर पालिका बैकुंठपुर की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर कुशवाहा सहित सभी अतिथियों एवं समिति सदस्यों द्वारा बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों को माल्यार्पण के साथ कंबल एवं अन्य सामग्री वितरण कर सम्मान किया गया और उपस्थित वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया गया।



# एकलव्य विद्यालय पोड़ीडीह की छात्राओं ने राज्य में मचाई धूम

-संवाददाता-
खडगवा 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह की छात्राओं ने खडगवा क्षेत्र का नाम राज्य सतर पर रोशन किया है।विगत एक सप्ताह से राज्य के सभी एकलव्य विद्यालयो में राज्य से कार्यालयो के निर्देशानुसार बौध्दिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जा रहे थे जिसमें विद्यालय स्तरीय, जिला स्तरीय, संभागस्तरीय और अंत में राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुल चार स्तर में कार्यक्रम आयोजित कराए जाने थे। सभी कार्यक्रम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न कराए गए। पूर्व तय समय के अनुसार राज्य स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 01/10/2022 को पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम, रायपुर में हुआ जिसमें नाटक विधा में एकलव्य विद्यालय पोड़ीडीह की कक्षा नवमी की छात्राएं पुष्पलता किंडो, आयुषी खाखा,एंजिल मिंज, सुभाषिनी सिंह और सुनीता सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की छात्रा ललिता पैकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सभी स्तरों पर नाटक विधा के प्रभारी विद्यालय के शिक्षक सरोज गुप्ता एवं अनुज कुमार और वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रभारी अभिषेक कुमार पाण्डेय रहे।जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंच संचालन अतिष टोप्पो एवं रेनू यादव ने किया। विद्यालय की सफलता पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री डी.डी.तिग्गा जी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत जारी रखें और विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में विद्यालय की सफलता पर प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अर्चना कश्यप, अधीक्षक राम प्रसाद सिंह,अधिक्षिका रजनी तिग्गा,श्रीत कुमार महोबिया, विक्की पाल, आशीष तिवारी, श्रंद्धाजलि गौड़, शकुंतला दास,प्रिया तिवारी,अनूपा तिर्की, दिलीप पटेल, डेविड लाल, संदीप नायक एवं शांति कुजूर सभी को बधाई दी।

# 108 मीटर की चूनरी यात्रा निकाली गई

-संवाददाता-
सूरजपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

धर्म जागरण समन्वय,मातृशक्ति ने निकाली 108 मीटर की चूनरी यात्रा सोमवार को धर्म जागरण समन्वय सूरजपुर के द्वारा माँ समलाई मंदिर बड़का पारा से प्राचीन समलाई मंदिर पम्पापुर में मातृशक्ति ने चुनरी यात्रा करके माँ महामाया को चुनरी भेंट की,।चुनरी यात्रा में 108 मीटर चुनरी लेकर सभी मातृशक्ति माता के जयकरे लगाते,ओर भजन गाते हुए चल रही थी।पूरे नगर में धार्मिक वातावरण में नगर में स्वागत किया।चुनरी यात्रा नगर के बड़का पारा समलाई मंदिर से प्राम्भ होकर से होते हुए प्राचीन समलाइ मंदिर पम्पापुर में पहुचकर पूजनकर मातृशक्ति ने माता को चुनरी भेंट की।जिसमे धर्म जागरण समन्वय के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे

# हमर बेटी-हमर मान व अभिव्यक्ति ऐप का किया जा रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

-संवाददाता-
सूरजपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य की बेटियों को सशक्त और सुरक्षित करने के उद्देश्य से हमर बेटी- हमर मान नाम के अभियान की शुरुआत की है तो वहीं छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप विकसित कराया है।
पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में पूरे जिले की पुलिस लगातार महिला एवं बालिकाओं को हमर बेटी-हमर मान एवं अभिव्यक्ति एप के संबंध में प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के दौरान सूरजपुर जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा दुर्गा पण्डालों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, गांव में चल रही महिलाओं की बैठकों सहित जहां भी महिलाओं-छात्राओं की मौजूदगी बनी हुई है वहां पहुंचकर महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी देकर ऐप डाउनलोड कराया जा रहा है।
महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने अभिव्यक्ति ऐप से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी। ऐप एसओएस फीचर या पैनिक बटन से लैस है, बटन दबाते ही यूजर को पुलिस सहायता पहुंचेगी। अभिव्यक्ति ऐप के जरिए पुलिस के पास महिलाएं कहीं से भी शिकायत दर्ज करा सकेंगी। इस बीच महिलाओं को पुलिस सहायता के नियम संबंधी पॉम्पलेट भी बांटा जा रहा है, ताकि उन्हें कानून की जानकारी हो सके। यह ऐप महिलाओं की जागरूकता और उनकी शिकायतों को सुनने के लिए बनाया गया है।




# अतुलनीय परिवर्तन लाएगा देवगुड़ी का कायाकल्प

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

भरतपुर-सोनहत विधानसभा के 225 गाँवों में देवगुड़ी व घोटुल के कायाकल्प हेतु किए 6 करोड़ 75 लाख रूपए मंजूर मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)। सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो की पहल रंग लाई है। शारदीय नवरात्र के पावनअवसर पर प्रदेश के संवेदनशील मुखिया भूपेश बघेल ने विधायक कमरो की पहल पर भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के 225 ग्रामों में प्रति ग्राम 3 लाख के मान से आस्था के केन्द्र देवगुड़ी व घोटुल पावन स्थलों के रखरखाव एवं पुनर्निर्माण के लिए 6 करोड़ 75 लाख रूपए की राशि मंजूर की है।
बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 28 जून को भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक गाँव में देवगुड़ी निर्माण की घोषणा की थी और अपनी घोषणा के 3 माह के भीतर उक्त कार्य के लिए बड़ी राशि मंजूर कर मुखिया ने प्रदेश की संस्कृति को पुनर्जीवित कर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परम्परा को सहेजने का अद्वितीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री की घोषणानुरूप भरतपुर-सोनहत क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के श्रद्धा एवं पूजा स्थलों 225 ( देवगुड़ी) व सांस्कृतिक केंद्र (घोटूल) के रख-रखाव, मरम्मत, चबूतरा निर्माण तथा पुनर्निर्माण हेतु कुल 6 करोड़ 75 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि से विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर विकासखंड में 75, मनेंद्रगढ़ में 80 व सोनहत में 70 पूजा स्थलों का कायाकल्प होगा। विधायक गुलाब कमरो ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों, मजदूरों के हितों के साथ प्राथमिकता से क्षेत्र की मूलभूत बुनियादी आवश्यकताओं पुल- पुलिया, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, पर्यटन व संस्कृति पर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 225 ग्रामों में देवगुड़ी स्थल का कायाकल्प कर उसे पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने एवं यहां की अमूल्य संस्कृति एवं धरोहर को संजोने का कार्य किया जाएगा। विधायक ने कहा कि भरतपुर-सोनहत विधनसभा क्षेत्र आदिवासी संस्कृतियों को अपने में संजोय हुए है। जहां प्रत्येक गाँवों में परम्परा अनुसार एक आस्था का स्थल बना हुआ है। उस स्थान को देवगुड़ी के नाम से जाना जाता है। देवगड़ी में गाँव वालों की आस्था बसती है। गाँव में कोई भी त्यौहार बिना देवगुड़ी में पूजा आराधना के सम्पन्न नहीं होता है।



# अनुविभाग स्तर पर जांच दल का किया गठन

-संवाददाता-
कोरबा, 03 अक्टूबर 2022
(घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने जिले में अवैध धान खरीदी बिक्री रोकने के लिए अनुविभाग स्तर पर जांच दल का किया गठन । जांच दल में जिले के पांचों अनुविभागों के एसडीएम को संबंधित अनुविभाग के जांच दल का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही तहसीलदार, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक को भी दल में शामिल किया गया है। जांच दल धान खरीदी केंद्रों में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक ङ्क विक्रय एवं कोचियों ङ्क बिचौलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत निगरानी रखेगी। जिला खाद्य अधिकारी जे के सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि के दौरान अवांछित व्यक्तियों के द्वारा पंजीकृत किसान के धान के रकबे में खपाने ङ्क बेचने का प्रयास किया जा सकता है। अ व ा ं छि त व्यक्तियों द्वारा अन्य राज्यों से धान लेकर प्रदेश के खरीदी केन्द्रों में खपाने के प्रयास किये जाने से धान खरीदी व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त गांव एवं शहरी इलाकों में कोचियों एवं बिचौलियों के द्वारा चिल्हर रूप से धान की खरीदी कर समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने का प्रयास किये जाने की संभावना रहती है। इसलिए खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी केन्द्रो में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक ङ्क बिक्री रोकने के लिए एवं क ो चि य ो ं - बिचौलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत निगरानी रखने हेतु अनुविभागीय अधिकारी(रा) की अध्यक्षता में अनुविभाग स्तर पर जांच दल का गठन किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी जे के सिंह ने बताया कि खरीफ वर्ष 2022-23 में 10 अक्टूबर 2022 से 30 अप्रैल 2023 तक अन्य राज्यों से धान का आयात आयुक्त खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति की अनुमति से ही हो सकेगा। सुपर फाइन किस्म का धान जो 2500 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक लागत का हो, के आयात के लिए आयुक्त खाद्य की अनुमति लेना आवश्यक नही है। परन्तु आयातक को धान आयात करने की सूचना जिला खाद्य अधिकारी / खाद्य नियंत्रक को देना होगा। मंडी अधिकारियों को धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व गाँव एवं शहरी इलाकों में चिल्हर रूप से धान खरीदी करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों का चिन्हांकन कर सूची जांच दल को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है।



# समतल भूमि पर बन गई पुलिया की हुई शिकायत,जनपद पंचायत खड़गवां के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिए जांच के आदेश

**जांच करने पहुंचे ग्रामीण यात्रिकी विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य में मिली अनियमितता शिकायत सही पाये जाने पर ग्रामीण यात्रिकी विभाग खडगवा के एस डी ओ ने शनिवार को पुलिया का निर्माण कराया बंद**

-राजेन्द्र कुमार शर्मा-

**खड़गवां,03 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** खडगवा विकास खंड के ग्राम पंचायत पोडी के पतेरा पारा में मनरेगा योजना के तहत 5 लाख की लागत से समतल भूमि पर पुलिया निर्माण कार्य किया जा रहा है जिस खबर को प्रमुखता से घटती घटना ने 29सितम्बर को प्रकाशित किया था जिस पर जनपद सीईओ खडगवा ने खबर को संज्ञान में लेकर तत्काल ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के एस डी ओ को जाच के निर्देश दिये थे।

जिस पर शनिवार को जांच करने स्थल पर पहुंचे जांच अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के (एस डी ओ) निर्माण स्थल का मुआयना किया जहां समतल भूमि पर पुलिया निर्माण से सबधित कई अनियमितता पाई गई उन्होंने कहा कि जिस स्थल पर पुलिया निर्माण कार्य किया जा रहा है वहा पर पुलिया निर्माण कार्य कराने का कोई औचित्य नहीं है उन्होंने पुलिया निर्माण कार्य में नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी को जमकर फटकार लगाई और तत्काल निर्माण कार्य को बंद करा दिया वहीं उक्त पुलिया निर्माण को निरस्त कर दिया गया जब ग्रामीणों ने जांच में





आए अधिकारी से पूछा कि काम तो निरस्त कर दिया गया है लेकिन जो इस निर्माण कार्य में शासकीय राशि का आहरण (दुरुपयोग) हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा जिस पर एस डी ओ ने कहा कि निर्माण एंजेसी से रिकवरी एवं भरपाई करेगा सवाल यह भी उठता है कि आखिर निर्माण एंजेसी तो भरपाई करेगा।

जबकि जिस जगह पर पुल पुलिया का निर्माण कार्य कराना होता है उस सथल का निरीक्षण और इसटीमेट इंजिनियर के द्वारा बनाकर दिया जाता है। उसके बाद पुल पुलिया निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होती है और इंजीनियर के द्वारा सथल पर ले आउट दिया जाता है तब ऊसके बाद निर्माण एजेंसी निर्माण कार्य प्रारंभ करती है।इस निर्माण कार्य से ऐसा प्रतीत होता है कि इंजीनियर के द्वारा ना ही सथल का अवलोकन कर पुलिया का इसटीमेट बनाया है ना ही सथल पर ले आउट दिया गया है इस तरह का मनरेगा में कई जगह पर गलत निर्माण कार्य हुए हैं इस तरह के निर्माण कार्यो की कई शिकायतें हुई मगर कार्य वाही नहीं होने से हौसले काफी बुलंद हैं निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों की साठगांठ से क्षेत्र के मनरेगा के कार्यो मे धडल्ले से भ्रष्टाचार फलफूल रहा है।

अब सवाल ये उठता है कि इंजीनियर ने कैसे समतल भूमि पर लेआउट दे दिया या तो इंजीनियर स्थल निरीक्षण करने पहुंचे ही नहीं थे या पहुंच भी ग होंगे तो शायद कमीशन की राशि में जदा बढ़ोतरी हो गई होगी जिस कारण आंख मूंद कर सारे नियम कानून दरकिनार करते हुए इंजीनियर ने अपने से उच्च अधिकारियों से ऊपर उठकर समतल भूमि पर लेआउट दे दिया गया और आधा निर्माण कार्य भी हो गया है

*** अब देखना यह है कि आंख मूंद करके लेआउट देने वाले इंजीनियर के ऊपर कया कार्यवाही होती है या फिर इन्हें ऐसी हरकतें करने छूट मिलती रहेगी**

*** ग्रामीण यांत्रिकी विभाग खड़गवां के एस डी ओ शनिवार को पुलिया निर्माण कार्य की जांच करने आए थे पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत सही पाई गई जिस पर उन्होंने तत्काल काम को बंद कराते हुए निर्माण कार्य को निरस्त करने आदेश पारित किया है**

**भान प्रताप सिंह**
सचिव ग्राम पंचायत पोड़ी

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद से डॉ रामेश्वर शर्मा की हुई छुट्टी

**» शिकायतों के बाद कोरिया के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को हटाया गया...**

**» नेत्र चिकित्सक डॉक्टर आर एस सेंगर को मिला कोरिया जिले का प्रभार...**

**» एमसीबी नवीन जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होंगे डॉक्टर सुरेश तिवारी**

-रवि सिंह-


**बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा को आखिरकार प्रभार से हटा दिया गया है। कोरिया जिले के नए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अब नेत्र चिकित्सक डॉक्टर आर एस सेंगर होंगे वहीं अब जिले के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी वही सम्हालेंगें।

बता दें कि कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा को जबसे जिले के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी मिली थी तभी से उनकी लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं वहीं उनकी मनमानी से भी पूरा विभाग परेशान था। डॉक्टर रामेश्वर शर्मा पर लगातार मनमानी जिसमे विभिन्न भर्तियों में नियम विरुद्ध तरीके से अपने चहेतों को लाभ पहुंचाना खरीदी में गड़बड़ी सहित कई आरोप लग रहे थे और आरोपों के बावजूद वह अपनी मनमानी जारी रखे हुए थे, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से भी उनका व्यवहार बेहतर नहीं रहता था और इसकी भी सुगबुगाहट लगातार सुनाई देती रहती थी। बताया जा रहा है कि लगातार शिकायतों की वजह से ही उनकी छुट्टी की गई है और उनकी जगह डॉक्टर आर एस सेंगर को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। कोरिया जिले का स्वास्थ्य विभाग कोरोना संक्रमण काल में भी काफी चर्चित रहा और उसकी वजह भी मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा थे जिनकी वजह से संक्रमण काल मे भी आवश्यक दवाइयों के कालाबाजारी तक का आरोप विभाग पर लगा था। डॉक्टर रामेश्वर शर्मा के पद से हटने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग अब बेहतर तरीके से काम कर सकेगा और जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर तरीके से विस्तार हो सकेगा ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है जो उनके रहते संभव नहीं था।









//2//

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | डॉ. एस.एन. केशरी स्त्रीरोग विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायगढ़ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा |
| 11. | डॉ. मधुलिका ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुंगेली | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायगढ़ |
| 12. | डॉ. प्रभात चन्द प्रभाकर, चिकित्सा अधिकारी | जिला चिकित्सालय कबीरधाम | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही |
| 13. | डॉ. फिरतराम निराला चिकित्सा अधिकारी | खण्ड चिकित्सा अधिकारी, पलारी, जिला बलौदाबाजार | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ |
| 14. | डॉ. सूरज सिंह राठौर चिकित्सा अधिकारी | जिला अस्पताल कोण्डगांव | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सक्ती |
| 15. | डॉ. समकेश्वर सिंह, चिकित्सा अधिकारी | जिला चिकित्सालय बीजापुर | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोण्डगांव |
| 16. | डॉ. अविनाश खरे चिकित्सा अधिकारी | संभागीय कार्यक्रम अधिकारी, संभाग बिलासपुर, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कांकेर |
| 17. | डॉ. बुधराम पुजारी मेडीसिन विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नारायणपुर | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दंतेवाड़ा |
| 18. | डॉ. महेश शांडिया पैथोलॉजी विशेषज्ञ | जिला अस्पताल कोण्डगांव | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सुकमा |
| 19. | डॉ. टी.आर. कंवर अस्थिरोग विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोण्डागांव | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नारायणपुर |
| 20. | डॉ. रणसिंग सेंगर नेत्र रोग विशेषज्ञ | जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरिया |
| 21. | डॉ. सुरेश कुमार तिवारी, सर्जरी विशेषज्ञ | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर |
| 22. | डॉ. [illegible] बघेल स्त्रीरोग विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर | प्रभारी उप संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ |
| 23. | डॉ. देवेन्द्र कुमार तुर्रे सर्जरी विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला धमतरी | प्रभारी उप संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ |

निरन्तर.........3

//3//

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | डॉ. खेमराज सोनवानी मेडीसिन विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बेमेतरा | प्रभारी उप संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ |
| 25. | डॉ. नेतराम नवरत्न मेडीसिन विशेषज्ञ | प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला गरियाबंद | प्रभारी उप संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ |
| 26. | डॉ. कौशल प्रसाद शिशु रोग विशेषज्ञ | प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही | संभागीय कार्यक्रम अधिकारी, संभाग रायपुर, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ |

## कोरिया जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था लौटेगी पटरी पर, हटाये गए डॉक्टर रामेश्वर शर्मा

कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर शर्मा के प्रभार से छुट्टी होने पर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर लौटेगी ऐसी उम्मीद अब जिलेवासी लगा रहें हैं। डॉक्टर रामेश्वर शर्मा को सीएमएचओ पद से हटाए जाने पर जिलेवासी काफी प्रसन्न भी दिख रहे हैं और जिलेवासियों में खुशी की लहर व्याप्त है। जबसे डॉक्टर रामेश्वर शर्मा जिले के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख बनाये गए थे तभी से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी से उतर गई थी और बद्तर हो गई थी। डॉक्टर रामेश्वर शर्मा को स्वास्थ्य सुविधाओं से कोई लेना देना नहीं होता था केवल खरीदी और भर्ती में ही उनका पूरा ध्यान लगा रहता था, जिससे अतिरिक्त आय हो सके, लगातार शिकायतों के बाद उन्हें हटाया गया जब लोगों का गुस्सा फूटने लगा था और अब लोग उम्मीद लगा रहें हैं कि नए प्रभारी निश्चित ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे जिसे विगत वर्षों में हटाये गए सीएमएचओ ने धरासाई कर दिया था और लोगों का जिले के स्वास्थ्य विभाग से ही विश्वास समाप्त होने लगा था।

## एमसीबी नवीन जिले के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी होंगे डॉक्टर सुरेश तिवारी

एमसीबी नवीन जिले के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी डॉक्टर सुरेश तिवारी को मिली है। डॉक्टर सुरेश तिवारी वर्तमान में खण्ड चिकित्सा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ की जिम्मेदारी निभा रहे थे और वह अपने बेहतर प्रबंधन के लिए प्रसिद्ध भी हैं। एमसीबी नवीन जिले के स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी डॉक्टर सुरेश तिवारी को मिलने को लेकर बताया जा रहा है कि उनके अनुभवों और उनके बेहतर प्रबंधन का लाभ जिले के स्वास्थ्य विभाग को मिल सकेगा और स्वास्थ्य विभाग बेहतर कार्य कर सकेगा।



# कुसमुंडा खदान में बड़ा हादसा होने से टल गया

-संवाददाता-

**कोरबा, 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कुसमुंडा खदान में उस वक़्त एक बड़ा हादसा टल गया जब एक ट्रक मिटटी अनलोड के लिए खदान पहुंचा तभी दोपहर लगभग 12ः00 बजे कुसमुंडा खदान में नियोजित ठेका कंपनी गोदावरी कंपनी की मिट्टी लोड ट्रक गोदावरी बेस पर मिट्टी अनलोड के दौरान ट्रक फिसल कर खाई की ओर फिसलने लगी गनीमत की बात तो यह रही ट्रक मिटटी में फंस गयी वरना ट्रक लगभग 100 फ़ीट निचे गिर गयी होती ढ्ढइस दौरान ट्रक ड्राइवर ने वक़्त रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई इस हादसे के दौरान कोई जानमाल का नुक्सान नहीं हुआ ढ्ढ इस पूरे मामले में संबंधित ठेका कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है ।आपको बता दें मिट्टी लोडिंग से लेकर मिट्टी अनलोड के लिए चालक ,परिचालक के अलावा हर कार्य के लिए एक अलग अधिकारी यढ्ढ सुपरवाइजर नियुक्त होता है, जिनकी देखरेख में यह सारे कार्य होते हैं अनलोडिंग के वक़्त सुपरवाइजर न होने से ट्रक अत्यधिक पीछे चली गयी और मिटटी में फंस गयी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# कलेक्टर झा को भेंट की गई स्काउटिंग फॉर बॉयज किताब

-संवाददाता-

**कोरबा, 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टोरेट परिसर में गांधी जयंती मनाए जाने के दौरान कलेक्टर संजीव झा को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख द्वारा स्काउटिंग फॉर बॉयज (वर्ल्ड ब्रदरहूड संस्करण) पुस्तक भेंट की गई। स्काउट आंदोलन के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल द्वारा लिखित एवं 1908 में पूर्ण रूप से पुस्तकाकार में प्रकाशित स्काउटिंग फॉर बॉयज÷ विश्व की सर्वाधिक बिक्री वाली पुस्तकों में शामिल रही है। इस दौरान एडीएम श्री विजेन्द्र पाटले, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, डीईओ जीपी भारद्वाज, प्राचार्य अनिता ओहरी, मंजू तिवारी,



सहायक राज्य आयुक्त पुष्पा शांडिल्य, डीटीसी (गाइड) गनेशी सोनकर, डीओसी द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, एचडब्ल्यूबी गाइड केप्टिन रेणु श्रीवास्तव, एचडब्ल्यूबी फ्लॉक लीडर नमिता कड़वे, रोवर लीडर पंकज साहू आदि उपस्थित थे।

# जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**» आयोजन समितियों, व्यस्थापकों से कार्यक्रम आयोजन हेतु निर्धारित नियमों का सख्त पालन करने की अपील।**

**» कलेक्टर ने आगामी त्योहारों की दी शुभकामनाएं,शांति,सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाएं और नियमों का भी पालन करें।**

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 03 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।** आगामी 05 अक्टूबर को दशहरा (विजयादशमी), 09 अक्टूबर को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नवी) एवं 24 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। इस पावन पर्व के दौरान भाई-चारा कायम रहे एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो, इसे ध्यान में रखते हुए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आगामी त्योहारों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने समस्त जिलेवासियों से शांति, सौहार्द्र एवं प्रेम के साथ त्योहारों को मनाने की अपील की है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के




प्रतिनिधियों, समुदायों के व्यवस्थापकों, और गणमान्य नागरिकों से कोरिया जिले की शांतिप्रियता की परंपरा का निर्वहन करने में जिला प्रशासन के सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि खुशी और उल्लास के इन मौकों पर कोई अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन हो, पूर्व में ही असामाजिक तत्वों की पहचान कर ली जाए। मानवीय पहलुओं और संवेदनाओं का ध्यान रखें।

उन्होंने कहा कि यदि किसी तरह की अप्रिय घटना होती है तो तुरंत स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को सूचना दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने की भी आमजन से अपील की है।

एसपी श्री त्रिलोक बंसल ने बैठक में बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर ट्रैफिक की व्यवस्था, रूट डाइवर्ट करने आदि के इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने भी सुरक्षा मापदंडों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करने की अपील की। अपर कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने बैठक में दशहरा, दुर्गा विसर्जन, ईद-ए-मिलाद और दीपावली के अवसर पर जिले में विभिन्न समुदायों की तैयारी एवं आयोजनों पर चर्चा की एवं व्यवस्थित आयोजन सम्पन्न कराने के संबंध में आवश्यक नियमों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सभी समुदायों के व्यवस्थापक, आयोजन समिति के सदस्य एवं जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

// उद्घोषणा//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अम्बिका जायसवाल, राजेश जायसवाल दोनों पिता छोटेलाल निवासी नगर पंचायत प्रतापपुर तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) ने अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम प्रतापपुर तहसील प्रतापपुर स्थित ख0नं0 429/1 रकबा 0.04 हे0 भूमि को छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत कृषि भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि इस पर किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 11/10/2022 तक अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2022 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील | अनुविभागीय अधिकारी (रा) प्रतापपुर जिला सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202209020700018**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2021-2022**

**अम्बिकापुर प .ह.न. 00015 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-दिवाकर कुमार दुबे,**
**अनावेदक पक्षकार- जगरनाथ ऊर्फ जगन्नाथ कुशवाहा**

**ईश्तहार**

आवेदक दिवाकर कुमार दुबे आ0 स्व0बालेश्वर दुबे निवासी वार्ड क्रमांक-28, गीता पब्लिक स्कूल की गली केदारपुर,अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1929/1 में से रकबा 0.020 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19.10.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/09/2022 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार मैनपाट जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**रा0प्र0क्रं0 /अ-21/21-22**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला सरगुजा अम्बिकापुर छ0ग0 के ज्ञापन क्रमांक 911/वाचक/2022 अम्बिकापुर दिनांक 07/09/2022 के माध्यम से आवेदक मंगलू आ0 बुद्धू, निवासी ग्राम कुदारीडीह, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुदारीडीह,तहसील मैनपाट जिला सरगुजा स्थित खसरा क्रमांक 761 रकबा 0.63 हे0भूमि को अनावेदक लक्ष्मण कुमार साण्डिय आ0 बुधराम सिंह, निवासी गोपालपुर,तहसील राजपुर जिला बलरामपुर छ0ग0 के पास विक्रय करने हेतु प्रस्तुत मय आवेदन, बी-1 वर्ष 2021-22, खसरा,आवेदक का आधार कार्ड,ऋण पुस्तिका की छायाप्रति सहित जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। चूंकि सरगुजा जिला अनुसूचित जनजाति घोषित क्षेत्र होने के कारण यदि कोई अनुसूचित जनजाति का व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय करना चाहता है तो वह समयावधि में न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। उसे भूमि क्रय करने में सामान्य वर्ग के व्यक्ति की तुलना में प्राथमिकता दिया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2022 को न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील | तहसीलदार मैनपाट जिला-सरगुजा (छ0ग0)

C M Y K

# तीसरे टी 20 से पहले टीम इंडिया में हुआ बड़ा बदलाव

## पूर्व कप्तान को दिया गया आराम

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका को 16 रन से हराकर टीम इंडिया ने 3 मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मंगलवार, 4 अक्टूबर को इंदौर के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि, इस मुकाबले से पहले क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, पूर्व कप्तान विराट कोहली को तीसरे टी20 मैच से आराम दिया गया है।

### कोहली को मिला आराम

बीसीसीआई ने कोहली को इंदौर टी20 से आराम देने का फैसला किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया की ऐतिहासिक सीरीज जीत में कोहली ने बड़ी भूमिका निभाई। पूर्व भारतीय कप्तान ने दूसरे टी20 मैच में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए केवल 28 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाए। इस पारी में उनके बल्ले से सात चौके और एक छक्का देखने को मिला। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया सीरीज में भी कोहली का बल्ला जमकर बोला था और उन्होंने 3 मैचों में 26 की औसत से कुल 76 रन बनाए थे।

### सामने आया बोर्ड का बयान

हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए बीसीसीआई के एक सूत्र ने अपने बयान में कहा, इस महीने के अंत में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के साथ, हम चाहते हैं कि विराट




मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा रहें। उन्होंने एशिया कप के बाद से टी20 इंटरनेशनल मैचों में नियमित रूप से भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए उन्हें आखिरी मैच के लिए आराम दिया गया है। अब तीसरे मैच में किसी और को उनकी जगह टीम में शामिल किया जाएगा।÷

### अय्यर की वापसी पक्की

विराट कोहली को मिले आराम के बाद श्रेयस अय्यर को तीसरे मैच की प्लेइंग-11 में देखा जा सकता है। श्रेयस को दीपक हुड्डा के चोटिल होने के बाद टीम इंडिया में शामिल किया गया था। 27 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अभी तक भारत के लिए कुल 46 ञ्20ढ्ढ मैच खेले हैं और इस दौरान 33 की औसत से 1029 रन बनाए हैं। अय्यर टी20 वर्ल्ड कप के रिजर्व खिलाड़ियों में भी शामिल है।

### तीसरे टी 20 के लिए दोनों टीमें

भारत- केएल राहुल, रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज , शाहबाज अहमद।

साउथ अफ्रीका- क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), टेम्बा बावुमा (कप्तान), रिले रोसौव, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, वेन पार्नेल, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, लुंगी एनगिडी, हेनरिक क्लासेन, रीज़ा हेंड्रिक्स, ड्वेन प्रिटोरियस, ड्वेन प्रिटोरियस शम्सी।



# किस्मत ने इस खिलाड़ी को भारत की वनडे इंटरनेशनल टीम में एंट्री दिलवा दी

**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक खेली जाएगी. इस वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है. भारत की वनडे टीम में पहली बार एक ऐसे क्रिकेटर को मौका मिला है, जिसने अपने प्रोफेशनल करियर के दौरान शुरुआती दिनों में तीन बार सेना के टेस्ट दिए, लेकिन उसका सेलेक्शन ही नहीं हुआ. आज किस्मत ने इस खिलाड़ी को भारत की वनडे इंटरनेशनल टीम में एंट्री दिलवा दी. साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पहली बार भारत की वनडे इंटरनेशनल टीम में मौका मिला है. मुकेश कुमार ने सही समय पर चयनकर्ताओं को इम्प्रेस किया है. पहले वह न्यूजीलैंड ए के खिलाफ फर्स्ट क्लास मैच में सर्वाधिक विकेट झटकने वाले गेंदबाज रहे और फिर उन्होंने ईरानी कप में शानदार गेंदबाजी की. मुकेश कुमार ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीन मैचों में 9 विकेट झटके और इस साल रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए 20 विकेट चटकाए थे. मुकेश कुमार ने ईरानी ट्राफी में शेष भारत के लिए शनिवार को चार विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी, जिससे सौराष्ट्र की टीम पहली पारी में 100 रन के अंदर सिमट गई थी.

### सेना के टेस्ट में तीन बार हुआ था फेल

मुकेश कुमार के लिए टीम इंडिया का सफर इतना आसान नहीं रहा था. मुकेश पहले गोपालगंज में क्रिकेट खेलते थे और उनका प्रदर्शन अच्छा था. वह बिहार के लिए अंडर-19 क्रिकेट भी खेले. इसके बाद पिता ने नौकरी के लिए उन्हें कोलकाता बुला लिया. मुकेश के पिता कोलकाता में ऑटो चलाते थे. मुकेश कुमार ने सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) में एंट्री के लिए जमकर मेहनत की, लेकिन तीन बार वह मेडिकल टेस्ट में फेल हो गए. इसके बाद वह कोलकाता पहुंचे और क्रिकेट खेलने लगे.

### पिता फिलहाल इस दुनिया में नहीं

मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं. मुकेश ने 30 फर्स्ट क्लास मैचों में 109 विकेट लिए हैं. पांच बार उन्होंने हर पारी में 5 विकेट लिए. इसके अलावा उन्होंने 4 पारियों में 4 विकेट लिए हैं. मुकेश कुमार के पिता फिलहाल इस दुनिया में नहीं हैं. मुकेश कुमार के पिता का ब्रेन स्ट्रोक से निधन हो गया था.

### मां की आंखों में आंसू थे

मुकेश ने टीम इंडिया में सेलेक्शन के बाद कहा, मैं बहुत भावुक हो गया. सब धुंधला सा लग रहा था. मुझे सिर्फ अपने दिवंगत पिता काशी नाथ सिंह का चेहरा याद आ रहा था. जब तक मैं बंगाल के लिए रणजी ट्राफी में नहीं खेला, तब तक मेरे पिता को नहीं लगा कि मैं पेशेवर तौर पर खेलने के लिये अच्छा हूं. उनको शक था कि मैं काबिल हूं भी या नहीं.% मुकेश ने कहा, %आज मेरी मां की आंखों में आंसू थे. वह भी बहुत भावुक हो गई थीं. घर पर हर किसी ने रोना शुरू कर दिया।



# ल्योन महिला चैंपियंस लीग में आर्सेनल और जुवे के साथ हुआ ड्रॉ

**मैनचेस्टर 03 अक्टूबर 2022।** विगत चैंपियन ओलंपिक लियोनिस सोमवार को न्योन में ड्रॉ होने के बाद महिला चैंपियंस लीग ग्रूप चरण में आर्सेनल और जुवेंटस से खेलेंगी। ल्योन, जिन्होंने आठ बार प्रतियोगिता जीती है, ग्रूप चरण में ज्यूरिख का भी सामना करेंगे जो 19 अक्टूबर से शुरू होगा और 22 दिसंबर को समाप्त होगा।

पिछले साल के उपविजेता बार्सिलोना को बायर्न म्यूनिख, रोसेनगार्ड और बेनफिका के साथ ड्रॉ किया गया था। दो बार विजेता वीएफएल वोल्फ्सबर्ग का सामना स्लाविया प्राग, सेंट पोल्टेन और चैंपियंस लीग में पदार्पण करने वाले एएस रोमा से होगा। महिला सुपर लीग चैंपियन चेल्सी को दो बार उपविजेता पेरिस सेंट जर्मेन, रियल मैड्रिड और व्लाजनिया के साथ खींचा गया - प्रतियोगिता के अंतिम -16 चरण में पहुंचने वाली पहली अल्बानियाई टीम।

ग्रूप स्टेज ड्रा ग्रुप एः चेल्सी, पेरिस सेंट जर्मेन, रियल मैड्रिड, व्लाजनिया

ग्रूप बीः वोल्फ्सबर्ग, स्लाविया प्राग, सेंट पोल्टन, एएस रोमा ग्रुप सीः लियोन, आर्सेनल, जुवेंटस, ज्यूरिख

ग्रुप डीः बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख, रोसेनगार्ड, बेनफिका

# हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद राहिल मोहसिन को भारत में डेब्यू की उम्मीद

**बेंगलुरु, 03 अक्टूबर 2022।** भारतीय हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के नए सत्र के लिए अपनी तैयारी शुरू करते हुए सोमवार को राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में लौट आई।

इस साल की शुरूआत में लुसाने में एफआईएच हॉकी 5 के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने के बाद, मोहम्मद राहिल मोहसिन भारतीय हॉकी कोर ग्रुप में एक नियमित खिलाड़ी बन गए हैं। वह अब इस अवसर का फायदा उठाना चाहते हैं और 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में इसे बनाने के लिए अपना उत्साह भी व्यक्त किया है।




भारतीय टीम के लिए डेब्यू करने की उनकी संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, मैं सभी को यह दिखाने के लिए एक मौके का इंतजार कर रहा हूं कि मैं कैसे खेलता हूं और मैं अपने खेल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। पिछले एक साल में मेरा सीखने का अनुभव रहा है। मैं निश्चित रूप से अपने प्रदर्शन को अगले स्तर पर ले जाने के लिए उत्साहित हूं। निश्चित रूप से भारत के लिए डेब्यू करना मेरा सबसे बड़ा सपना है और जगह बनाने के लिए कोर ग्रुप के भीतर काफी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है।

राहिल ने कहा, आप जानते हैं कि जब आप अपने सपने के करीब होते हैं, बेचैनी, उत्साह, यह भावनाएं चरम पर होती है। मुझे लगा कि 33 के लिए चुने जाने का यह मेरा आखिरी मौका है और मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है। इस अवसर को मैं जाने नहीं दूंगा।

# एडम गिलक्रिस्ट की टी 20 क्रिकेटरों की टॉप 5 सूची में हार्दिक पांड्या शामिल,सूर्यकुमार नहीं

**मेलबर्न , 03 अक्टूबर 2022।** महान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने टी20 क्रिकेटरों की टॉप फाइव खिलाड़ियों को चुना है, जिसमें भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या शामिल है, लेकिन करिश्माई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं मिली है।

ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के साथ, गिलक्रिस्ट ने सूर्यकुमार के नाम का उल्लेख नहीं करते हुए पांड्या को एक खतरनाक खिलाड़ी कहा है। सूर्यकुमार ने फिर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में गुवाहाटी में अजेय बढ़त लेते हुए भारतीय टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सूर्यकुमार ने 22 गेंदों में 61 रनों की पारी खेली, जिससे भारत ने 237/3 का विशाल स्कोर बनाया और फिर प्रोटियाज को 16 रन की जीत के लिए 221/3 पर रोक दिया।



हालांकि, गिलक्रिस्ट ने कहा कि वह बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और मनोरंजन करने की क्षमता के लिए पांड्या के साथ जाएंगे। पांड्या वर्तमान में ऑलराउंडरों के लिए आईसीसी की टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं।

गिलक्रिस्ट ने आईसीसी के हवाले से कहा, पांड्या पूरे बोर्ड में सिर्फ एक शानदार शख्सियत हैं। उनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और मनोरंजन करने की क्षमता निश्चित रूप से अच्छा है।

गिलक्रिस्ट ने कहा, उनकी लिस्ट में वार्नर शीर्ष क्रम में हैं। मुझे लगता है कि सिर्फ उनका आक्रामक रवैया, जिस तरह से वह शीर्ष पर पारी की शुरूआत करते हैं और पिछले टी20 विश्व कप से उनमें जो आत्मविश्वास है, वह काफी अच्छा है। बाबर आजम को लेकर महान क्रिकेटर ने कहा, सभी प्रारूपों में उनके पास शानदार प्रतिभा है। मुझे लगता है कि वह सभी परिस्थितियों में वास्तव में अच्छा खेल सकते हैं।

राशिद खान पर गिलक्रिस्ट ने कहा, उन्हें किसी भी टी20 टीम में होना चाहिए, है ना? दुनिया भर में इस प्रारूप में क्रिकेटर ऑफ द ईयर ने पिछले एक दशक में शानदार प्रदर्शन किया।

चोट से बटलर अभी उभर रहे हैं, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह से ठीक होने की उम्मीद है, गिलक्रिस्ट ने कहा कि पसंद कई बल्लेबाजों के बीच थी, वह इंग्लैंड के कप्तान को चुनना पसंद करेंगे।

# शाकुंतलम 4 नवंबर को होगी रिलीज

निर्देशक गुणशेखर की आने वाली पौराणिक फिल्म शाकुंतलम के निर्माताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा इस साल 4 नवंबर को रिलीज होगा। सामंथा, जो पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय नहीं हैं, ने अपने प्रशंसकों को एक ट्वीट कर आश्चर्यचकित किया, जिसमें लिखा था, 4 नवंबर को आ रही है, शाकुंतलम। प्यार के लिए धन्यवाद। आप हमेशा मेरी ताकत रहे हैं।यह खबर अभिनेत्री के प्रशंसकों को खुश करने के लिए कापी था, जो




इस फिल्म की रिलीज का इतनी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि उन्होंने टीम से अपडेट की मांग करना शुरू कर दिया था। दबाव इतना अधिक था कि फिल्म की निर्माता नीलिमा गुना को इस साल अगस्त में एक स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा कि फिल्म पर पोस्ट-प्रोडक्शन का काम तेज गति से चल रहा है। फिल्म, जो कालिदास के लोकप्रिय नाटक शकुंतला पर आधारित है, में सामंथा ने मुख्य भूमिका निभाई है और देव मोहन ने दुष्यंत की भूमिका निभाई है।

# पटना शुक्ला में वकील की भूमिका निभाएंगे चंदन रॉय सान्याल



अभिनेता चंदन रॉय सान्याल रवीना टंडन-स्टारर पटना शुक्ला में दिखाई देंगे। बिहार पर आधारित इस फिल्म में चंदन एक वकील की भूमिका निभाएंगे।

पटना शुक्ला दबंग निर्माता अरबाज खान द्वारा निर्मित एक सामाजिक-ड्रामा है और इसे विवेक बुडाकोटी द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, मैं पटना शुक्ला में एक वकील की भूमिका निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह फिल्म एक आदर्श मनोरंजन है। मैं शक्तिशाली कलाकारों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं! फिल्म में रवीना और चंदन के अलावा सतीश कौशिक, मानव विज, जतिन गोस्वामी और अनुष्का कौशिक भी हैं।

पटना शुक्ला अगले साल रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। चंदन की आने वाली परियोजनाओं में वो 3 दिन, श्रृंखला कर्मयुद्ध, आश्रम सीजन 4, अमेजॅन प्राइम की लखोट और कुछ और अघोषित परियोजनाएं शामिल हैं।



# बिग बास में आते ही अर्चना गौतम ने अपने बेबाक अंदाज से जीता दिल

सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो बिग बॉस सीजन 16 की शुरुआत हो चुकी है। और इस सीजन में टीवी सेलेब्स से लेकर पॉलिटिशियन तक अपने जलवे बिखेरने वाले हैं। हाल ही में बिग बॉस में बतौर कंटेस्टेंट बनकर आई अर्चना गौतम का नाम काफी चर्चाओं में है। शो में आते ही अर्चना ने सलमान खान को काफी एंटरटेन किया। बिग बास सीजन 16 में आते ही एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने अपने बेबाक अंदाज से फैंस और होस्ट सलमान खान का दिल जीत लिया है। जब एक्ट्रेस बिग बॉस के घर में एंट्री लेटी हैं तो हर कोई हैरान रह जाता है कि वह अपने साथ घर के अंदर सिलबट्टा लेकर जाएंगी क्योंकि उन्हें चटनी बहुत पसंद है। एक्ट्रेस अर्चना गौतम बिकिनी गर्ल रह चुकी है और इसके अलावा वो एमएलए का इलेक्शन भी लड़ चुकी हैं। अर्चना गौतम सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। हालांकि उनकी प्रोफाइल को देखकर ये साफ जाहिर होता है कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। एक्ट्रेस अर्चना गौतम ने उत्तर प्रदेश इलेक्शन में कांग्रेस पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ा था, लेकिन वो हार गई थीं। अर्चना रियल लाइम में बेहद ही बोल्ड हैं। और हॉटनेस के मामले में एक्ट्रेस बड़ी-बड़ी हसीनाओं को भी टक्कर देती हैं। एक्ट्रेस की इस तस्वीरों में साफ झलक रहा है कि अर्चना अपने फिगर का कितना खास ध्यान रखती हैं। और अपनी तस्वीरों के जरिए फैंस से खूब तारीफ बटौरती हैं। एक्ट्रेस अर्चना गौतम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। अभिनेत्री अर्चना गौतम ने अपनी हॉट एंड बोल्ड फिगर की तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर तहलका मचाया ही है।लेकिन फैंस को इस चीज का भी बेसब्री से इंतजार है कि एक्ट्रेस अब बिग बॉस के घर में क्या तबाही मचाती हैं।












# न्यायधानी बिलासपुर को एक और नई विमान सेवा की मिली सौगातः बघेल

## बिलासपुर- इंदौर - बिलासपुर विमान सेवा का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हरी झण्डी दिखाकर किया वर्चुअल शुभारंभ

- » रायपुर से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू करने की मांग
- » बिलासपुर से मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलोर के लिये भी विमान सेवा हो प्रारम्भ
- » अंबिकापुर से बिलासपुर, रायपुर को जोड़ते हुए निकटवर्ती प्रमुख शहरों वाराणसी, रांची, पटना, भुवनेश्वर को विमान सेवा से जोड़ने का आग्रह








रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर आज मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से एयर कनेक्टिविटी से जुड़ गई। न्यायधानी बिलासपुर को बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नई विमान सेवा के रूप में एक बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर विमान सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से और केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया नई दिल्ली से हरी झण्डी दिखाकर फ्लाईट को बिलासा देवी केंवट हवाई अड्डा चकरभांटा बिलासपुर से रवाना किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर-इंदौर विमान सेवा के शुभारंभ के अवसर पर बिलासपुर और इंदौर नगरवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार विमान सेवाओं के विस्तार के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर से अन्य बड़े शहरों जैसे मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलोर के लिये भी विमान सेवा प्रारम्भ की जाय। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा प्रारम्भ करने और यहां अंतर्राष्ट्रीय कार्गो हब की स्थापना के लिये केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आग्रह करते हुए कहा कि रायपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार तैयार किया जा चुका है। रायपुर एयरपोर्ट अब अंतर्राष्ट्रीय फ्लाईट के संचालन के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा रायपुर एयरपोर्ट हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को 461.20 एकड़ भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। जिस पर रनवे विस्तार, नवीन टर्मिनल भवन निर्माण, एटीसी टॉवर निर्माण कर इसे अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार तैयार किया जा चुका है। एयरपोर्ट विकास हेतु भूमि की लंबित मांग, एयरपोर्ट परिसर के सुरक्षा सबंधी समस्याओं का राज्य शासन द्वारा समाधान कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया से रिजनल कनेक्टिविटी योजनांतर्गत अंबिकापुर से बिलासपुर, रायपुर को जोड़ते हुए निकटवर्ती प्रमुख शहरों वाराणसी, रांची, पटना, भुवनेश्वर जैसे शहरों के लिये विमान सेवा प्रारम्भ करने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए राज्य शासन द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिलासपुर एयरपोर्ट का 3-ष्ट ङ्कस्नक्र श्रेणी में उन्नयन किया गया है। एलायंस एयर कम्पनी द्वारा बिलासपुर से दिल्ली-जबलपुर-बिलासपुर-प्रयागराज वायुमार्ग पर 01 मार्च 2021 को प्रथम नियमित घरेलू विमान सेवा प्रारम्भ की गयी तथा 05 जून 2022 से बिलासपुर से भोपाल के लिये भी नियमित विमान सेवा शुरू की गई।

श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास एवं इसे क्रियाशील बनाने हेतु अब तक 25 करोड़ 10 लाख रूपए व्यय किए गए हैं। एयरपोर्ट से बढ़ती हुई विमान सेवाओं व यात्रियों की संख्या को देखते हुए वर्तमान टर्मिनल भवन की क्षमता के विस्तार के लिए 1 करोड़ 90 लाख के कार्य की स्वीकृति दी जा रही है। बिलासपुर एयरपोर्ट को 3- ष्ट ढ्ढस्नक्र मानक अनुसार तैयार करने एवं यहां नाईट लैण्डिंग की सुविधा के विकास के लिये 22 करोड़ रूपए की लागत के कार्यों की स्वीकृति जारी की जा रही है। एयरपोर्ट से विमानों के सुगम संचालन हेतु पीबीएन नेविगेशन प्रणाली की स्थापना के लिये भारतीय विमानपत्तन को राज्य शासन द्वारा राशि का भुगतान कर दिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा अम्बिकापुर एयरपोर्ट को 3- C VFR श्रेणी अनुसार विकसित करने के लिये रनवे विकास व विस्तार, सिटी साईड के विकास कार्यों हेतु 48.00 करोड़ के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गयी है। एयरपोर्ट विकास कार्य तीव्र गति से जारी है 31 दिसम्बर 2022 तक एयरपोर्ट को विकसित कर इसके लायसेंसिंग हेतु आवेदन करने का लक्ष्य है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ में विमानन सेवाओं के विस्तार के लिए केंद्र की ओर से हर संभव मदद देने के लिए तत्पर है। उन्होंने इस नई विमान सेवा के प्रारंभ होने पर बिलासपुर और इंदौर नगर वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उचित है, एयरपोर्ट के रनवे के विस्तार के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस संबंध में कहा कि राज्य सरकार द्वारा चकरभाटा एयरपोर्ट से लगी हुई 1000 एकड़ भूमि सेना को दी गई थी, लेकिन इसका उपयोग नहीं किए जाने के कारण इस भूमि को वापस लेने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है, भूमि वापस होने पर चकरभाटा एयरपोर्ट विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी। श्री सिंधिया ने कहा कि बिलासपुर और इंदौर दोनों ही शहरों का आर्थिक और धार्मिक रूप से काफी महत्व है, इन दोनों शहरों के एयर कनेक्टिविटी से जुड़ने पर दोनों शहरों के लोगों को एक अच्छी सुविधा उपलब्ध होगी उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित हर राज्य में एयर कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए केंद्र सरकार तत्पर है।

## संक्षिप्त समाचार



### स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला, कई जिलों के बदले गए CMHO, डॉ. मिथलेश चौधरी संभालेंगे रायपुर की कमान

रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने बड़े पैमाने पर डॉक्टर्स का तबादला किया है. कई डॉक्टर्स इधर से उधर किए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग ने कई जिलों के CMHO को बदला है. डॉ. मीरा बघेल को हटाकर अब डॉ. मिथलेश चौधरी को रायपुर CMHO की कमान सौंपी गई है.

बता दें कि डॉ. मिथलेश चौधरी 7 साल से राजनांदगांव में CMHO की पोस्ट पर कार्यरत थे. अब इन्हें राजधानी रायपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

### रमन सिंह हॉस्पिटल में, हुई सफल सर्जरी



रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह दिल्ली के मेदांता मेडिसिटी में एक छोटे से ऑपरेशन के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि डॉ. सिंह काफी दिनों से एक पैर के नाखून के दर्द से परेशान चल रहे थे। इसकी कल सफल सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। वे मंगलवार को रायपुर लौटेंगे।

### SP सहित कई IPS अफसरों का हुआ ट्रांसफर




रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। राज्य सरकार ने तीन जिलों के एसपी सहित 6 आईपीएस के तबादले किये हैं। गरियाबंद, बेमेतरा और जीपीएम के पुलिस अधीक्षक बदले गये हैं। अमित तुकाराम कांबले गरियाबंद के नये एसपी होंगे। 2009 बैच के आईपीएस अभी माना बटालियन में थे। वो वहीं आईके एलेसेला को बेमेतरा के नये एसपी होंगे। उदय किरण जीपीएम के नये एसपी होंगे।

## जिले के DSP का हुआ तबादला, इन दो ASP का ट्रांसफर हुआ निरस्त



रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। प्रदेश में आज तबादलों का दौर जारी है। IAS और IPS अफसरों के तबादले के बाद एक और लिस्ट जारी हुई है जिसमे दुर्ग (अजाक) उप पुलिस अधीक्षक प्रेम लाल साहू को पिथौरा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बना दिया गया है वहीं पिथौरा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विनोद मिंज को दुर्ग (अजाक) उप पुलिस अधीक्षक बना दिया गया है।

वहीं एक और लिस्ट जारी हुई है जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (दुर्ग) का ट्रांसफर कर रायगढ़ उप पुलिस अधीक्षक के पद पर किया गया था और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (राजनांदगांव) संजय महादेवा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (दुर्ग) के पद पर पदस्थ किया गया था जिन्हें निरस्त करते हुए उन्हें रायगढ़ स्क के पद पर पदस्थ कर दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ को मिलेगी दो वंदे भारत ट्रेनें,इन रूट पर होगा परिचालन,कोचिंग डिपो का निर्माण शुरु



बिलासपुर/रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ को जल्?द ही दो वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल सकती है। वंदे भारत ट्रेन के लिए बिलासपुर और छत्तीसगढ़ से लगे गोंदिया में कोचिंग डिपो का काम शुरू हो गया है। कोचिंग डिपो अगले साल मई-जून तक बन जाएंगे और उसके तुरंत बाद ट्रेन शुरू हो जाएगी।

रेल सूत्रों के अनुसार पहली ट्रेन बिलासपुर से संपर्क क्रांति रूट से दिल्ली जाएगी जबकि दूसरी ट्रेन गोंदिया से चलकर रायपुर-बिलासपुर होती हुई झारसुगुड़ा (ओडिशा) जा सकती है।

बता दें कि अभी बिलासपुर से दिल्ली की यात्रा में 18 घंटे लग रहे हैं, लेकिन वंदे भारत से बिलासपुर से दिल्ली का सफर करीब 14 घंटे में पूरा हो सकता है। इसी तरह, गोंदिया से वंदे भारत चली तो यह रायपुर से सिर्फ 4 घंटे में झारसुगुड़ा पहुंच जाएगी। अभी इसमें साढ़े 6 घंटे लग रहे हैं।

एसईसीआर के सीपीआरओ साकेत रंजन ने बताया कि जोन को वंदेभारत की दो ट्रेनें मिली हैं। इसके लिए बिलासपुर और गोंदिया में कोचिंग डिपो का निर्माण शुरू कर दिया गया है। वंदेभारत शुरू होने से छत्तीसगढ़ के यात्रियों को आसानी होगी।



### त्योहारों में यात्रियों की लगेगी भारी भीड, 18 गाडियों में अस्थाई कोच बढ़ाए गए

बिलासपुर, 03 अक्टूबर 2022। राष्ट्रीय त्योहारों को में ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा उनकी सुविधा हेतु 18 गाडियों में अतिरिक्त एसी थ्री एवं स्लीपर कोच अस्थायी रुप से लगाने की व्यवस्था की गई है।

## छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर सख्त होगा पुलिस का पहरा

जशपुर, 03 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ और झारखंड की अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित नीमगांव और इसके आसपास के क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त करेगी. इसके साथ ही पतराटोली में पुलिस बेरियर भी स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है. रविवार को नीमगांव में स्थानीय ग्रामीणों के साथ हुई बैठक में चर्चा के बाद एसपी डी रविशंकर ने यह निर्देश अधिकारियों को दिया है. बीते कुछ दिनों से नीमगांव सहित आसपास के ग्रामीण अंचल से पुलिस को मवेशी तस्करों सहित अन्य संदिग्धों की हलचल की सूचना लगातार मिल रही थी।

**ग्रामीणों के साथ हुई बैठक**

जशपुर एसपी डी रविशंकर ने ग्रामीणों के साथ की बैठक में तस्करों के एक्टिव होने की सूचना मिलने के बाद एसपी डी रविशंकर ने नीमगांव में बैठक की व्यवस्था की थी. इस बैठक में नीमगांव और इसके आसपास के 10 से अधिक गांव के ग्रामीण शामिल हुए थे. ग्रामीणों ने एसपी को बताया कि मवेशी तस्करों की सक्रियता बीते कुछ समय से बढ़ी हुई है. झारखंड से आने वाले संदिग्ध लोग मवेशी को चुरा कर ले जाते हैं. तस्करों के साथ ही संदिग्ध लोग भी इन दिनों नजर आने लगे हैं।

ग्रामीणों की जागरूकता और सजगता की प्रशंसा करते हुए एसपी डी रविशंकर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होनें ग्रामीणों को बताया कि पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है. इसे और अधिक बढ़ाया जाएगा. मवेशी तस्करों पर काबू पाने के लिए पुलिस जांच बैरियर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है. यह बैरियर पतराटोली गांव में स्थापित किया जाएगा इससे वाहनों की जांच के साथ झारखंड से आने वाले लोगों पर भी नजर रखने में सहायता मिलेगी।

## गौठान में कई गायों की मौत, अफसरों पर भड़के बीजेपी विधायक



जांजगीर-चाम्पा, 03 अक्टूबर 2022। जिले के एक गौठान में गायों की बड़ी संख्या में मौत की खबर सामने आई है। जिले के भैंसो गांव के गौठान में रखी गई गायों की लगातार मौत हो रही है। इससे गांव के लोग काफी परेशान हैं। अब तक लगभग दो दर्जन से भी अधिक गायों की जान जा चुकी है। गायों की लगातार मौतों की शिकायत पर नेता प्रतिपक्ष और जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल ने अधिकारियों को फटकार लगाई है।

दरअसल छत्तीसगढ़ के हृदय जिले जांजगीर-चांपा में इन दिनों लगातार गायों की मौत से जुड़ी खबरें सुनाई में आ रही हैं। इससे जिले की जनता काफी परशान हैं। लगातार गायों की मौत की शिकायत भी स्थानीय विधायक के पास पहुंच रही है। इन मौतों की वजह जानने स्थानीय विधायक, जो अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधान सभा के नेताप्रतिपक्ष हैं, वो पहुंचे।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गायों की सुरक्षा नहीं कर पा रही। खासकर भैंसो गांव के गोठान में तो भारी अव्यवस्था है। उन्हें बताया गया कि माहभर में यहां 90 गायों की मौत हो चुकी है। इस पर उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जाँच और कार्रवाई की मांग की है।



### चाय ठेला में सट्टा पट्टी नामक जुआ लिखते 1 गिरफ्तार

बागबाहरा, 03 अक्टूबर 2022। बागबाहरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि वार्ड नं. 01 भानपुर तहसील के सामने एक व्यक्ति अपने चाय ठेला में लोगों से अंको के सामने दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है पुलिस स्टाफ बुखबिर के बताये स्थान वार्ड नं. 1 भानपुर तहसील के सामने पहुचकर रेड किया जहां पर आरोपी सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडा गया। जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम भोला दास मानिकपुरी पिता स्व0 थनवार मानिकपुरी वार्ड नं 15 दैहानीभाठा बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से दो पन्ना सट्टा पट्टी जिसमें विभिन्न अंको के सामने नंबरो में दांव लगा हुआ ,एक नग डाट पेन ,नगदी रकम 2000 रूपये को समक्ष गवाहो के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 4(क) जुआ एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## राज्यपाल सुश्री उइके वर्धा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में हुई शामिल, अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र का भी किया शुभारंभ



रायपुर, 03 अक्टूबर 2022। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके अपने वर्धा प्रवास के दौरान आज गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुईं। राज्यपाल ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उनको नमन किया। इस दौरान उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि संगोष्ठी का विषय स्वराज्य, सुराज्य और स्वबोध का गांधी मार्गष् अत्यधिक प्रासंगिक है और गांधीजी के सम्पूर्ण जीवन को चरितार्थ करता है। उन्होंने कहा कि वर्धा हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि रही है। उनका जीवन दर्शन, वर्धा की पावन भूमि के कण-कण में विद्यमान है। इस पवित्र भूमि से ही गांधीजी ने भारत के नव निर्माण का स्वप्न देखा। गांधी जी के विचारों की रोशनी ने ही सम्पूर्ण विश्व को वास्तविक भारत दिखाया है। राज्यपाल ने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलते हुए गांधीजी ने संसाधनों के अभाव में भी देश को एकजुट करने का महान कार्य किया था, उन्होंने त्याग और समर्पण के साथ राष्ट्र सेवा की सीख दी है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश ने विश्व पटल पर अपनी नई पहचान बनाई है। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि जिस प्रकार गांधीजी ने स्वराज की संकल्पना तथा अंतिमजन के उत्थान की बात की थी। वर्तमान में इसी संकल्पना के अनुरूप ही देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शासकीय व गैर शासकीय कार्यों में हिंदी भाषा की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये प्रयासों का उल्लेख किया और उसकी सराहना की। राज्यपाल ने गांधीजी के दर्शन से जीवन और कार्यशैली में आए बदलाव के बारे में भी अपनी बात रखी।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने वर्धा प्रवास के दौरान आज महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के परिसर में डॉ. अंबेडकर उत्कृष्ता केंद्र का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालयों में डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं की विशेष तैयारी हेतु शिक्षा दी जा रही है। राज्यपाल सुश्री उइके ने डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए वर्धा विश्वविद्यालय के चयनित होने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर वर्धा के सांसद श्री रामदास तड़स, कुलपति डॉ रजनीश कुमार शुक्ल सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रहवासी इलाकों में तेंदुए और भालुओं ने डाला डेरा

### वन विभाग ने की सावधानियां बरतने की अपील



कांकेर, 03 अक्टूबर 2022। जिला मुख्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में वन्य प्राणी तेंदुआ, भालू इत्यादि के देखे जाने तथा भालुओं द्वारा इंसानों पर हमला की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग द्वारा भालू एवं तेंदुआ से बचने के लिए सावधानियां बरतने की अपील नागरिकों से की गई है। वन विभाग द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि वन्य प्राणी तेंदुआ, भालू के दिखाई देने पर उन्हें घेरने अथवा मारने का प्रयास न किया जाये, बल्कि खुद को सुरक्षित कर लेवें एवं उनसे दूरी बना लें। प्रातःकाल एवं शाम के वक्त अंधेरे में बाहर न निकलें। रात में घर से बाहर निकलना आवश्यक हो तो टार्च अथवा मसाल के साथ समूह में निकलें। शौच हेतु अंधेरे में बाहर न जायें, छोटे बच्चों तथा वृद्धजनों को अंधेरे में बाहर जाने न देवें। वन्य प्राणियों के समीप मदिरापान करके न जावे। घरों के आसपास के झाड़ियों को काटकर हटा देवें। खेत में फसल कटाई के दौरान यथासंभव समूहों में फसल की कटाई करें तथा वन क्षेत्रों में वनोपज एकत्र करने समूह में जायें। घरों में महुआ जैसे वस्तुओं को न रखें, इससे भालू, हाथी आकर्षित होते हैं। वन्य प्राणी भालू को खाने के लिए कुछ न देवें। भालू, तेंदुआ इत्यादि वन्य प्राणी के दिखने पर वीडियो बनाने एवं सेल्फी लेने की कोशिश न किया जाये।

वन्य प्राणी तेंदुआ द्वारा पशु का शिकार किया हुआ देखे जाने पर तत्काल वन विभाग को सूचित किया जाये तथा तेंदुआ, भालू इत्यादि दिखाई देने पर गांव के कोटवार को सूचना देकर मुनादी कराई जावे। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को मोबाइल से जानकारी दिया जावे। इसके लिए वन विभाग के रेंजर, वनपाल एवं वनरक्षक के मोबाइल नंबर जारी किये गये हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी कांकेर संदीप कुमार सिंह का मोबाइल नंबर- +91-70676-12940 उप वनक्षेत्रपाल कांकेर दीनदयाल निषाद का मोबाइल नंबर- +91-79745-27224, वनपाल विमल ठाकुर का मोबाइल नंबर +91-62634-15698, वनपाल तुलसा जुर्री का मोबाइल नंबर-+91-94062-85887, वनपाल अरूण नेताम का मोबाइल नंबर- +91-90090-04985, वनपाल चेलाराम ठाकुर का मोबाइल नंबर- +91-87708-07515, वनपाल ओमप्रकाश सलाम का मोबाइल नंबर- +91-74770-07750, वनपाल भिरेंद्र गोटी का मोबाइल नंबर-+91-70003-19374 और वनपाल मनोज साहू का मोबाइल नंबर-+91- 77479-88350 पर वन्यप्राणियों के गांव में घुसने अथवा क्षति पहुंचाये जाने की सूचना दी जा सकती है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)